# किस्मत भीलवाड़ा


आवश्यकता है

राजस्थान के भीलवाड़ा से प्रकाशित सबसे तेज समाचार पत्र दैनिक किस्मत भीलवाड़ा को तहसील और जिला स्तर पर महिला/पुरुष संवाददाताओं की आवश्यकता है।

संपर्क करें

दैनिक किस्मत भीलवाड़ा

आर.के. कॉलोनी, श्री [illegible] भीलवाड़ा

मो. 9214345421, 8233210027, 9828402526, 6376577605



Email. kismatbhilwara8888@gmail.com | वर्ष 2 अंक -325 | भीलवाड़ा रविवार 25 मई 2025 | मूल्य- 2 रूपये | REGN.NO .RAJHIN/2023/87379


# आंधी के साथ दिल्ली- एनसीआर में बरसे बदरा, तेज हवाएं भी चलीं

## गर्मी से मिली लोगों को राहत, लेकिन जनजीवन हो गया अस्त-व्यस्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में बुधवार को बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई वहीं, दूसरी तरफ इसके साथ आई तेज आंधी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। दिल्ली-एनसीआर में फिर मौसम बिगड़ा। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बारिश और 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं की संभावना जताई थी। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।



**यहां फिर बिगड़ा मौसम**

**यलो अलर्ट**

### अगले सप्ताह प्री मानसून गतिविधियां शुरू होंगी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 24 को हल्की बारिश व तेज हवाओं को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस कारण शनिवार को तापमान 37-38 डिग्री के बीच बना रहेगा। 25 व 26 मई को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और 27 व 28 को हल्की बारिश होने व तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं 29 मई को भी आंशिक बादल छाए रहेंगे। तापमान 37-40 डिग्री के बीच बना रहेगा। अगले सप्ताह प्री मानसून गतिविधियों के बढने की संभावना है।

### मई बिना लू के गुजर रहा

दिल्ली में इस साल मई का महीना बिना लू वाले दिनों के समाप्त हो सकता है। इस साल मई में अब तक एक दिन भी लू नहीं चली है, आगे भी संभावना नहीं है। जबकि मई के महीने में सूरज आग बरसाता है और लू की स्थिति बनती है। वर्ष 2024 में मई के महीने में 6 दिन लू वाले रहे थे। 26 से 31 मई तक तापमान 45 और 46 डिग्री के बीच रहा था जबकि इस साल 16 मई को ही तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। 21 मई से तापमान में कमी देखी जा रही है।

### केदारघाटी में बारिश ने मचाया कोहराम

## सात वाहन बहकर मंदाकिनी नदी पहुंचे

**रुद्रप्रयाग।** यहां शुक्रवार देर रात्रि को अगस्त्यमुनि समेत केदारघाटी में कई स्थानों पर तेज बारिश हुई, जिससे विजयनगर गदेरा ऊफान पर आ गया, लेकिन गदेरा चोक होने से 7 दोपहिया वाहन बह गए, जो मंदाकिनी नदी तक पहुंच गए। वहीं प्रशासन व पालिका ने गदेरे में अतिरक्रमण को लेकर सभाषद के पिता पर 4 हजार का जुर्माना लगाया है। शुक्रवार रात को अगस्त्मयुनि में काफी तेज बारिश हुई, जिससे नगर पंचायत के अंतर्गत विजयनगर गदेरा उफान पर आ गया। जिससे गदेरे के आस पास खड़ी 6 बाइक और 1स्कूटी बह गई। बताया जा रहा है कि गदेरे में आने वाला पानी अतिक्रमण के चलते रुक गया और फिर अचानक तेजी से आ गया, जिससे गदेरे के आस पास खड़ी बाइक बह गई।



**सभी वाहन क्षतिग्रस्त पानी को रोका**

सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार प्रणव पांडे समेत उनकी टीम नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी निकिता भट्ट भी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि गदेरे में मलबा डाला जा रहा है, जिससे पानी में अवरोध पैदा हो गया।

## खबर संक्षेप

### जुबान काटने की धमकी, 2 गिरफ्तार

बरेली। यूपी के बरेली में दो स्थानीय युवकों को शनिवार को सोशल मीडिया पर देशविरोधी वीडियो



पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। युवकों के नाम इरफान और वाजिद शाह बताया गया है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था जिसमें 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो में लोगों की जुबान काटने की धमकी दी थी।

### आंध्र प्रदेश में ट्रक और कार की टक्कर में 4 की मौत


**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के कडप्पा जिले में शनिवार सुबह एक ट्रक के कार से टकरा जाने की



घटना में 2 बच्चों समेत 4लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। बेंगलुरु के सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रीकांत अपने परिवार के साथ चिंतापुट्टायपल्ली गांव जा रहे थे। सुबह गुव्वलचेरुवु घाट रोड पर यह हादसा हुआ।

### कोणार्क मंदिर के गर्भगृह से हटाई जाएगी रेत

**भुवनेश्वर।** कोणार्क स्थित सूर्य मंदिर के गर्भगृह में भरी रेत को जल्द ही हटा दिया जाएगा।



एएसआई के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने शनिवार को कोणार्क सूर्य मंदिर का निरीक्षण किया है। उनके साथ 15 सदस्यीय विशेषज्ञ टीम भी थी। टीम ने सूर्य मंदिर के संरक्षण और गर्भगृह से रेत हटाने पर विस्तार से चर्चा की।

### अब तिहाड़ के कैदी बनाएंगे शूज-चप्पलें

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित तिहाड़ जेल प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। अब तिहाड़ जेल में बंद कैदी




रोजाना उपयोगी सामान का निर्माण खुद ही करेंगे। इसके लिए तिहाड़ जेल प्रशासन इन हाउस यूनिट लगवाएगा। चप्पल, टूथपेस्ट और अंडरवियर से लेकर ये सभी सामान तिहाड़ जेल के कैदी बनाएंगे।

## नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल में पीएम मोदी ने कहा

# केंद्र और राज्य टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं

**हमें विकास की गति बढ़ानी होगी**

### राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को हुई। नई दिल्ली में बैठक का विषय 'विकसित राज्य के लिए विकसित भारत एट द रेट 2047 था। बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। वहां सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचे उपलब्ध कराने चाहिए। एक राज्य-एक वैश्विक गंतव्य।

**विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य बन रहा**

**विकास नवाचार और स्थिरता विकास का इंजन हो**



### नीतियां ऐसी हों कि नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं

पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। हमें इस तरह काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव ला सकें। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव मजबूत होता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है।

**हमें विकास के लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए**

उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक बड़ा अवसर है। हमें एक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो।

**मुख्यमंत्रियों ने कहा**

### राज्यों की सशक्त भागेदारी बढ़ी

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में राज्य के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए शामिल हुए। धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में 'विकसित राज्य-विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने के लिए आयोजित यह बैठक राज्यों की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करेगी।

### राज्य सरकारों के तीन उप समूहों का गठन हो: नायडू

आंध्र के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए राज्य सरकारों के तीन उप-समूहों के गठन का प्रस्ताव रखा। इससे काफी लाभ होगा।

### 3 दक्षिणी राज्यों के सीएम नहीं पहुंचे


एनडीए शासित पुडुचेरी सहित तीन दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों एन. चंद्रबाबू नायडू, एमके स्टालिन और ए. रेवंत रेड्डी ने बैठक में शिरकत की। कांग्रेस शासित कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैयानहीं पहुंचे। केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने कैबिनेट सहयोगी के एन. बालगोपाल को भेजा। पुडुचेरी के सीएमभी नहीं पहुंचे।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद थी यह पहली बैठक

नीति आयोग की सर्वोच्च संस्था परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ यह पहली बड़ी बैठक है। आम तौर पर पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है और पिछले साल यह 27 जुलाई को हुई थी। परिषद की पहली बैठक 8 फरवरी, 2015 को हुई थी।

### जयराम की टिप्पणी पर भाजपा का वार

# वे विवादित प्रवृत्ति से कांग्रेस को खत्म करके ही छोड़ेंगे





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने शनिवार को नीति आयोग की बैठक पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता किसी न किसी मुद्दे पर विवाद पैदा करने की अपनी प्रवृत्ति के कारण अपनी पार्टी को खत्म कर देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह देश के विकास के लिए निर्णय लेने के लिए टीम इंडिया की बैठक है। रमेश इसमें भी खामियां निकाल रहे हैं। रमेश ने नीति आयोग को अयोग्य संस्था बताते हुए केंद्र पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि इसकी बैठक पाखंड और ध्यान भटकाने की एक और कवायद है। रमेश टिप्पणी तब आई है जब शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शुरू हुई। शाहनवाजने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सरकार द्वारा बुलाई गई हर बैठक में खामियां निकालते रहते हैं ताकि कोई विवाद पैदा हो। उन्होंने कहा कि जयराम कांग्रेस की राम-राम करके ही छोड़ देंगे।

### भाजपा ने इसे 'टीम इंडिया की बैठक' बताया

इस बैठक का विषय है 'विकसित राज्य के लिए विकसित भारत एट द रेट 2047'। भाजपा प्रवक्ता हुसैन ने नीति आयोग की बैठक को 'टीम इंडिया की बैठक' बताया और कांग्रेस पर इस पर आपत्ति जताने के लिए हमला बोला। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि नीति आयोग देश की एक बड़ी संस्था है। यह देश के लिए नीतियां बनाती है। इसकी बैठक में देश के विकास के लिए मुख्यमंत्रियों समेत प्रतिष्ठित लोग एक साथ बैठते हैं। कांग्रेस ने इस पर भी आपत्ति जतानी शुरू कर दी है।

### राहुल पर तंज- हुजूर आते आते बहुत...

भाजपा नेता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जम्मू-कश्मीर यात्रा को लेकर भी उन पर कटाक्ष किया। उन्होंने एक लोकप्रिय हिंदी फिल्म के गाने की पंक्तियां सुनाते हुए कहा, बहुत देर कर दी हुजूर आते आते'। शाहनवाज हुसैन ने कहा कि हाल ही में वह आंबेडकर छात्रावास में राजनीति करने के लिए बिहार गए थे। अब उन्हें पुंछ और उरी के लोगों की याद आ रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया है कि उसे अभी भी दर्द महसूस हो रहा है।


**राज्यसभा सांसद जांगड़ा का 'हमले' पर बड़ा बयान**

# महिलाओं में नहीं था वीरांगनाओं का भाव अग्निवीर की ट्रेनिंग ली होती तो लोग नहीं मरते

## पहलगाम आतंकी हमले पर भाजपा सांसद का विवादित बयान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने विवादित बयान दिया है। पर्यटक



हाथ जोड़कर मारे गए। वहां हमारी बहनों में भी वीरांगना का भाव, जोश और जज्बा नहीं था। सांसद ने भिवानी में अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान कार्यक्रम में ये बातें कही। जांगड़ा ने कहा कि हमले के बाद देश महसूस कर रहा है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी देश के युवाओं को जो ट्रेनिंग देना चाहते हैं, वह पर्यटकों के पास होती तो वे बच जाते। अगर पर्यटकों के हाथ में लाठी, डंडा कुछ भी होता और वे आतंकवादियों की तरफ दौड़ते, शायद 5 या 6 लोगों की जान जाती।

### राहुल ने पुंछ में पीड़ितों से मुलाकात की

## व्यथा को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करेंगे क्षति को 'बड़ी त्रासदी' बताया



जम्मू। लोकसभा में विपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के पीड़ितों से शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने गोलाबारी से हुई क्षति को एक 'बड़ी त्रासदी' बताया और पीड़ितों की व्यथा को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने का संकल्प लिया। गांधी ने पुंछ का दौरा किया और प्रभावित लोगों से एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। इनमें सात मई से 10 मई के बीच हुई गोलाबारी में अपने सदस्यों को खोने वाले परिवार भी शामिल थे।

### लोगों के हौसले को सलाम

राहुल ने कहा कि कई लोगों की जान चली गई। पाक सेना ने आम लोगों के स्थानों पर हमला किया है। लोगों ने मुझसे उनके मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने को कहा है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है।

### मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव ने कहा

**केंद्र सरकार की नई पहल पायलट प्रोजेक्ट**

# अब दुर्गम इलाकों में ड्रोन के सहारे पहुंचाई जाएगी मछली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कहा है कि अब जल्द ही ड्रोन तकनीक के जरिए दुर्गम इलाकों में मछली पहुंचाई जाएगी। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव डॉ. अभिलक्ष लिखी ने बताया कि जीवित मछलियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित और तेजी से पहुंचाने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य 70 किलोग्राम तक भार उठाने में सक्षम ड्रोन तैयार करना है।



**मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत बनाएं**

डॉ. लिखी ने राज्यों से आग्रह किया कि वे नवाचार आधारभूत ढांचे और संस्थागत सहयोग के जरिए मत्स्य पालन क्षेत्र को मजबूत बनाएं। उन्होंने मछुआरों की सुरक्षा और उनके कार्यों की दक्षता बढ़ाने के लिए सैटेलाइट टेक्नोलॉजी का उपयोग करें।

### बंदरगाहों और मछली बाजार विकास पर जोर

सरकार की प्राथमिकता अब ग्रीन और ब्लू सस्टेनेबिलिटी सिद्धांतों से जुड़ी स्मार्ट और एकीकृत मछली पकड़ने के बंदरगाहों और आधुनिक मछली बाजारों के विकास पर है। इसके अलावा, ड्रोन तकनीक को मजबूती देने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर और सब्सिडी ढांचे को बेहतर बनाने की बात कही गई। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की मदद से उन्नत मत्स्य पालन तकनीक को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

### हिमाचल पुलिस अधिकारियों में अंतर्कलह उजागर


**कोर्ट में बताएंगे सारी सच्चाई**

# एसपी शिमला ने पत्रकार वार्ता कर डीजीपी पर गंभीर आरोप 'जड़े'

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले की जांच में प्रदेश मुख्यालय अधिकारियों व शिमला जिला पुलिस अधिकारियों के बीच चल रही अंतर्कलह अब सबके सामने आ गई है। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा की ओर से कोर्ट में दायर किए गए हलफनामे पर सवाल उठाने के बाद एसएसपी शिमला संजीव कुमार गांधी ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर कई गंभीर आरोप लगाए।

### .... तो मैं पद छोड़ना पसंद करूंगा



संजीव ने कहा कि 25-26 वर्षों का मैंने ईमानदारी भरा अपना पुलिस कॅरियर तपस्या की तरह लगाया है। अगर कोई मेरी इस ईमानदारी व प्रोफेशनल अखंडता पर सवाल उठाता है तो मैं पुलिस का पद छोड़ना पसंद करूंगा। इसलिए हमारी एसआईटी इस मामले को दोबारा अदालत में लेकर जाएगी। जो हमने जांच की है, उसे सुरक्षित करवाना चाहते हैं ताकि नेगी को न्याय मिल सके।

**मैं हाईकोर्ट जाऊंगा**

कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर करेंगे और सारी सच्चाई कोर्ट के समक्ष रखेंगे। विमल नेगी को न्याय दिलाकर रहेंगे। संजीव ने डीजीपी पर कई गंभीर आरोप लगाए।

### राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र बोले

# 2 माह और करिए इंतजार, सभी मंदिरों में होंगे प्रभु के दीदार

अब बस दो महीने का इंतजार शेष है। इसके बाद रामजन्मभूमि के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन मिलने लगेंगे। यह जानकारी राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक दूसरे दिन नृपेंद्र मिश्र ने दी।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या में शनिवार को राम मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन की बैठक हुई। बैठक के पहले



भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर निर्माण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परकोटा में 31 मई को भोलेनाथ विराजमान होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 3 जून से अनुष्ठान शुरू होगा। 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। नृपेंद्र ने बताया कि मंदिर अब अपनी पूर्णता की ओर है। परकोटा का 90 फीसदी काम जुलाई तक पूरा हो जाएगा। साल के अंत तक सभी निर्माण पूरे हो जाएंगे। हम आशावान हैं कि मंदिर का निर्माण कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा हो जाएगा।

### अगले साल तक बन जाएगा संग्रहालय

मिश्र ने बताया कि संग्रहालय और सभागार का काम अभी शुरू हुआ है। इसका काम अप्रैल 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। श्रद्धालु अप्रैल 2026 से संग्रहालय का अवलोकन कर सकेंगे। रामजन्मभूमि परिसर में सभी मंदिरों और अन्य स्थानों पर दो माह के अंदर श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति दे दी जाएगी।

### 31 को विराजेंगे बाबा भोलेनाथ



**मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा:** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा। राम मंदिर निर्माण के दौरान आने वाली चुनौतियों पर नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि टीम वर्क ने हमें सभी चुनौतियों का समाधान दिया है।

### मंदिर न्यास ने सभी बाधाओं पर पाई विजय

नृपेंद्र ने कहा कि मैं न्यास को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने आर्थिक बाधाओं को आड़े नहीं आने दिया। इंजीनियरिंग और डिजाइन एक चुनौती थी, क्योंकि हमसे एक ऐसा मंदिर बनाने की उम्मीद थी जो अगले 1000 सालों तक किसी भी तरह की आपदा को झेल सके।

# प्राकृतिक खेती से सुधारे मृदा एवं मानव स्वास्थ्य- डॉ. कर्नाटक

## कृषि विज्ञान केंद्र पर प्राकृतिक कृषि उत्पाद मेले का हुआ आयोजन







किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** कृषि विज्ञान केन्द्र गाँधीनगर, भीलवाड़ा पर शनिवार को जिले का प्रथम प्राकृतिक कृषि उत्पाद मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति डॉ. अजित कुमार कर्नाटक के कर कमलों द्वारा किया गया। यह मेला कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाड़ा द्वारा गठित कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) मीव किसान बाजार एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में लगाया गया। बाद में उन्होंने मेले में किसानों द्वारा कृषि उत्पादों का निरीक्षण कर सभी उत्पादों की जानकारी ली । इससे पूर्व श्री कर्नाटक का स्वागत राजस्थान अनार उत्पादक संघ के अध्यक्ष अनिल राठी और केंद्रीय कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक व अध्यक्ष डॉ सीएम यादव ने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।

डॉ. कर्नाटक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला जहरमुक्त खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी बढ़ाने एवं मानव व मृदा के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक साबित होगा। डॉ. कर्नाटक ने प्राकृतिक खेती के महत्त्व पर चर्चा करते हुए बताया कि प्राकृतिक कृषि उत्पाद मेले में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा साथ ही वे अपने उत्पादों को एक ही छत के नीचे बेचकर अधिक मुनाफा प्राप्त कर सकेंगे। डॉ. कर्नाटक ने प्राकृतिक खेती को उपलब्ध संसाधनों से ही कम लागत पर करने वाला व्यवसाय बताया। डॉ. कर्नाटक ने मक्का को आने वाले समय की सबसे बड़ी फस्ल बताते हुए मक्का के मूल्य संवर्धन द्वारा आमदनी बढ़ाने पर जोर दिया।डॉ. कर्नाटक ने यह भी बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र के परिसर में गाँधीनगर पुलिस थाना खुलना नामुमकिन है, क्योंकि यह केन्द्र भारत सरकार के अधीन है और यह केन्द्र भारत सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के तकनीकी हस्तान्तरण में अहम भूमिका निभाता है।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी. एम. यादव ने बताया कि प्राकृतिक खेती उत्पाद मेला 30 मई तक चलेगा जिसमें भीलवाड़ा जिले के अतिरिक्त राज्य के अन्य जिलों के प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने प्राकृतिक उत्पादों की स्टाल लगाकर उचित दर पर बेचान करेंगे। डॉ. यादव ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र जिले में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर प्रयासरत है साथ ही केन्द्र पर प्राकृतिक खेती इकाई की स्थापना की गई है जिसमें जिले एवं राज्य के किसान प्राकृतिक खेती के प्रमुख घटक बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र, आग्नेयास्त्र एवं दशपर्णी के प्रायोगिक एवं सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर प्राकृतिक खेती अपना रहे है।

डॉ. यादव ने बताया कि मेले के अतिरिक्त अन्तराष्ट्रीय मक्का और गेहूँ सुधार केन्द्र, एशिया मक्का कार्यक्रम, हैदराबाद द्वारा प्रायोजित जोखिम भरी असुरक्षित कृषि पारिस्थितिकी में जलवायु अनुकूल मक्का उत्पादन पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया, जिसमें मक्का की उन्नत किस्में, खेत की तैयारी, खाद एवं उर्वरक, खरपतवार प्रबन्धन, कीट एवं व्याधि प्रबन्धन के साथ ही मक्का की खेती हेतु आवश्यक जलवायु एवं अनकूल दशाओं के बारे में बताया। प्रशिक्षण में 20 किसानों को प्रति किसान एक एकड़ हेतु पाँच-पाँच किस्म के मक्का के बीज निःशुल्क दिए गए। तकनीकी सहायक अनिता यादव ने प्राकृतिक खेती हेतु उपयोग में लिये जाने वाले अवयवों को बनाने की विधि समझाई। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता संजय बिश्नोई ने किसानों का पंजीय किया।

मीव किसान बाजार कृषक उत्पादक संगठन के निदेशक एम पी नारायणन ने प्राकृतिक उत्पादों का मूल्य संवर्धन जैसे मूंगफली तेल, सरसों तेल, गाय का घी, सभी प्रकार की दालें एवं मसाला निर्माण के बारे में जानकारी देकर कृषक उत्पादक संगठन की गतिविधियों के बारें में बताया। इस संगठन में 750 किसान कार्य कर रहे है और 70 से अधिक प्राकृतिक एवं जहर मुक्त उत्पाद शामिल है। इस अवसर पर माननीय कुलपति के निजी सचिव नारायण सिंह चौहान, सेवानिवृत्त फार्म मैनेजर महेन्द्र सिंह चुण्डावत, लेखाधिकारी अजित सिंह राठौड़ प्रगतिशील कृषक अनिल राठी, देवेन्द्र त्रिपाठी, देवकिशन गुर्जर भी मौजूद रहे।

## गुलाबपुरा में संस्कृत भारती का आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा।** संस्कृत भारती राजस्थान क्षेत्र द्वारा आयोजित आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग में चित्तौड़गढ़ के परम श्रद्धेय संत श्री ओम मुनि महाराज के सान्निध्य में संस्कृत सेवा को समर्पित कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वामी ओम मुनि महाराज ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार की प्रेरणा देते हुए संस्कृत ग्राम की परिकल्पना प्रस्तुत की, जहाँ संवाद और व्यवहार पूर्णतः संस्कृत में हो। प्रशिक्षण वर्ग में 100 से अधिक शिक्षक सहभागिता कर रहे हैं। गुलाबपुरा व बिजयनगर में कुल 6 संभाषण शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इन शिविरों में खेल-खेल में प्रायोगिक पद्धति से संस्कृत सिखाई जा रही है। वर्ग संयोजक सीताराम शर्मा ने बताया कि वर्ग के दौरान स्वामी ओम मुनि महाराज द्वारा डॉ. परमानंद शर्मा रचित त्यागमूर्तिरहल्या पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सभी सहभागियों को पुस्तक निःशुल्क वितरित की गई। संस्कृत भारती के क्षेत्र संगठन मंत्री कमल शर्मा व संयोजक डॉ. तगसिंह राजपुरोहित ने संगठन की गतिविधियों से महाराज को अवगत कराया। कार्यक्रम में कई शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिन्होंने संस्कृत के नवजागरण की दिशा में इस प्रयास को सराहा।

## नई दिल्ली में पूर्व मंत्री गुर्जर ने लिया अवधेशानंद जी से आशीर्वाद

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा।** नई दिल्ली में मेवाड़ के नेता व राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर ने जूना अखाड़ा के परम पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य महाराज श्री ने उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं धार्मिक व सामाजिक विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर तेजमल सैनी सहित समाजसेवी उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा सॉंसद अग्रवाल ने दिल्ली में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सांसदों की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लिया

किस्मत भीलवाड़ा



**भीलवाड़ा ।** भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने दिल्ली में आयोजित पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सांसदों की परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लिया। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि दिल्ली में आयोजित विशेष बैठक में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान सांसद अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में भीलवाड़ा लोकसभा के 3 लाख 35 हज़ार परिवारों की महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन के माध्यम से धुंए से मुक्ति दिलवाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया । बैठक में सांसद अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय समिति की अगली बैठक में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पेट्रोल, डीजल, सी.एन.जी. व पी.एन.जी. के साथ साथ बायो-फ्यूल, बायो-गैस, ग्रीन हाइड्रोजन, एवं एथनॉल प्लांट के शोध एवं उपयोग पर विस्तृत पेश हो, जिससे ईको-फ्रेंडली फ्यूल पर भी फोकस कर इनके प्रयोग को आगे बढ़ाया जाए ।पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत सभी सरकारी कंपनियों का सी.एस.आर. फंड खर्च की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके समिति के समक्ष प्रस्तुत हो तथा पारदर्शिता बनाए रखने हेतु गैर सरकारी संस्थाओं (एन.जी.ओ.) को दिए गए सी.एस.आर फंड पर निगरानी की व्यवस्था हो । सभी कंपनियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि पेट्रोल पंप पर उच्च तकनीक का प्रयोग करके उपभोक्ताओं को पेट्रोल डीजल पूरा माप में मिले । ज्यादातर पेट्रोल पंप पर जन सुविधाएं माकूल नहीं होती, सभी कंपनियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाए कि पेट्रोल पंप पर जन सुविधाओं की व्यवस्था और रख रखाव शत प्रतिशत अच्छा हो । भीलवाड़ा लोक सभा में घर घर एलपीजी कनेक्शन पहुंचाने के कार्य को अतिशीघ्रपूर्ण किया जाए ।बैठक में पेट्रोलियम मंत्रालय के राज्य मंत्री सुरेश गोपी अरविंद गनपत सावंत, कंगना रनौत,डॉ लता वानखेड़े ,रमेश अश्विनी ,उमेद राम बेनवाल उपस्थित थे।

## धार्मिक कार्यक्रमों में आपसी मेलजोल की भावनाओं का संचार होता है -प्रधान मुंदड़ा

किस्मत भीलवाड़ा



**काछोला** मानपुरा ग्राम में भगवान श्री लक्ष्मी नाथ का आकर्षण श्रंगार बेवाण के साथ देवनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा गांजे बाजे के साथ में युवक युवतियां भक्त सभी भगवान के भजनों पर नाचते गाते हुए कस्बे में नगर भ्रमण के साथ धूमधाम के साथ निकली गई । दोनों मंदिरों के मंदिर पुजारी राजेश पाराशर, देवकरण सुथार, गोपाल जाट, राहुल सेन, भगवान का विशेष श्रृंगार किया वह विधि विधान के साथ विशेष पूजा अर्चना व क्षेत्र खुशहाली की कामना की । जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मांडलगढ़ प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा ने कहा की धार्मिक कार्यक्रमों में आपसी मेलजोल की भावनाओं का संचार होता है ईश्वर की आस्था में ही मानव का कल्याण है संभव है। सभी अतिथियों का स्वागत बालू लाल प्रजापत, मुकेश प्रजापत ने किया। इस मौके पर देवपुरा कूड़ा श्री देवनारायण मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की रात में भजन कीर्तन हुई । इस अवसर दौलपुरा सरपंच सरपंच रामजस दाधिच ,बालू लाल, देवी लाल, प्रभु लाल रमेश चंद्र ,दुर्गेश ,चांदमल गोपाल जाट मनीष जोशी आदि उपस्थित थे ।

## भीलवाड़ा में 26 मई को निकलेगी महिला सिंदूर यात्रा, तैयारियां पूरी



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा** में 26 मई को महिला सिंदूर यात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा अंबेडकर चौराहे से शाम 5 बजे प्रारंभ होकर सूचना केंद्र चौराहे तक निकाली जाएगी। आयोजन ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के सम्मान में किया जा रहा है। भाजपा मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित तैयारी बैठक में जिला संयोजक बरजी देवी भील, सह-संयोजक मंजू पालीवाल व मोहनी माली सहित विभिन्न महिला संगठनों की प्रतिनिधियां उपस्थित रहीं।महिलाएं तिरंगा हाथ में लेकर, शहीदों के चित्रों के साथ 2-2 की कतारों में देशभक्ति गीत गाते हुए यात्रा में भाग लेंगी। बैठक में प्रहलाद त्रिपाठी, मंजू चेचानी, सुमित्रा पोरवाल, मधु शर्मा सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## रायला में 26 मई सोमवार को सजेगा खाटू बाबा का भव्य दरबार, श्याम सकीर्तन का होगा गुणगान

### मनोकामना लेकर पहुंचेंगे श्रद्धालु, खाटू धाम भेजी जाएंगी अर्जी

श्री श्याम मित्र मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से "करने वाला श्याम, करवाने वाला श्याम" सेवा संस्था के तत्वाधान में 26 मई, सोमवार को आनंद विश्राम कुंज में भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम होगा। भक्ति संध्या में देशभर में अपनी भजनों की प्रस्तुतियों से प्रसिद्ध भजन सम्राट सौरभ शर्मा (कोलकाता) व राजू खंडेलवाल ( मुंबई) एवं मधुर स्वर की मलिका माया चौहान (मंदसौर) अपने सुमधुर भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को श्याम भक्ति में सराबोर कर देंगे। कार्यक्रम में निंबाहेड़ा नरेश द्वारा विशेष दरबार सेवा दी जाएगी, जिसमें अखंड ज्योत, इत्र वर्षा और मनोहारी दरबार सजावट कार्यक्रम की दिव्यता को और भी बढ़ाएंगे। आयोजन स्थल पर बाबा श्याम की ज्योत के पास एक विशेष पात्र रखा जाएगा, जिसमें श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएँ लिखकर डाल सकेंगे। इन अर्जी/मनोकामनाओं को आयोजन समिति खाटू श्याम निज मंदिर तक पहुंचाएगी। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों एवं श्याम भक्तों से अपील की है कि वे समय पर पधारें और इस भक्तिमय संध्या का लाभ उठाएं। यह आयोजन केवल एक सांगीतिक संध्या नहीं, बल्कि श्याम प्रेम की जीवंत अनुभूति होगी।

## श्री शिवमहापुराण कथा में भक्तों ने लिया आध्यात्मिक ज्ञान एवं धर्म लाभ

किस्मत भीलवाड़ा



**केकड़ी** शहर के अजमेर रोड स्थित श्री भाग्यदेश्वर महादेव मंदिर के पास मंगलम गार्डन में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास पंडित श्याम सुंदर पाठक ने श्रद्धालुजनों को काल गणना, ज्योतिष शास्त्र, ग्रहों की उत्पत्ति एवं बच्चों में संस्कार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन ज्ञान प्रदान किया। अपने प्रवचनों में उन्होंने बद्रिका आश्रम में नर-नारायण की तपस्या, इन्द्र द्वारा अप्सराओं को भेजकर तपस्या भंग करने का प्रयास, तथा ध्रुव-नर नारायण युद्ध जैसे प्रसंगों का जीवंत वर्णन करते हुए धर्म और तप की महत्ता को उजागर किया। उन्होंने विशेष रूप से यह संदेश दिया कि संस्कारों का बीजारोपण गर्भ से ही होना चाहिए, जिससे राष्ट्रनिष्ठ और धर्मपरायण संतति का निर्माण संभव हो सके। कार्यक्रम में संगीतकार विनोद सुमन (बूंदी) द्वारा प्रस्तुत मधुर संगीत ने समस्त वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। भजन और संगीत की ध्वनियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा आयोजक बालमुकुंद शर्मा ने बताया कि श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह और भक्ति भाव का संचार कर रहा है। विशेष रूप से महिलाओं की उपस्थिति कथा पांडाल में उल्लेखनीय रही है। श्रद्धालुजनों से विनम्र अपील की गई है कि वे प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से सांय 4:15 बजे तक आयोजित कथा श्रवण के लिए अवश्य पधारें और इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं।

## बंरूदनी में असावरा कोटा व कोटा इंटर सीटी ट्रेन के ठहराव की मांग

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** बरूंदनी रेलवे स्टेशन पर असावरा कोटा व कोटा इंटर सीटी ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर बरूंदनी पंचायत प्रशासक गजेंद्र साहू ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखा है। पत्र में बताया गया कि बरूंदनी की जनसंख्या दस हजार है।साथ ही आकोला बडलियास जीवा खेड़ा सुरास जोजवा धाकड़ खेड़ी सिंगोली चारभुजा मोटरों का खेड़ा व अन्य पंचायतों के निवासी उदयपुर अहमदाबाद जाने के लिए उन्हें रात्रि के समय पारसोली या मांडलगढ़ जाना पड़ता है जिस कारण उन्हें यातायात के अभाव में व अधिक दूरी के कारण कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अधिकतर यात्री उदयपुर अहमदाबाद चिकित्सा हेतु जाते हैं जिन्हें जाने आने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साहू ने पत्र में बताया कि जिला व उपखंड मुख्यालय के बीच रेलवे स्टेशन बरूंदनी ही है। जबकि वर्तमान में बरूंदनी रेलवे स्टेशन पर भी हाई लेवल प्लेटफॉर्म बन गया है। असावरा कोटा व कोटा इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव बरूंदनी रेलवे स्टेशन पर किए जाने की मांग की है।

## शिवगंज समाज सेवा शिविर में दो दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन

किस्मत भीलवाड़ा

**शिवगंज।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे समाज सेवा शिविर के अंतर्गत 24 व 25 मई को दो दिवसीय योग कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम राजस्थान सरकार के आयुर्वेद निदेशालय द्वारा 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उत्कृष्ट बनाने हेतु चलाए जा रहे 30 दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास का हिस्सा रहा। कार्यशाला में महिला योग प्रशिक्षक संगीता कुमारी व पुरुष योग प्रशिक्षक कल्पेश आर्य ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासन व प्राणायाम जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भद्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम आदि का अभ्यास करवाया। आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल (सुमेरपुर) ने योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जब्बर सिंह राव, शिविर प्रभारी अशोक कुमार, शिक्षक दिनेश व निर्मल सहित अन्य उपस्थित रहे।



## हनुतिया (भगवानपुरा)में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित



**गुलाबपुरा** निकटवर्ती ग्राम पंचायत हनुतिया के ग्राम भगवानपुरा में धार्मिक मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाबा रामदेव जी ,मातारानी ,बालाजी की मूर्तियो की स्थापना की गई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मसूदा विधायक वीरेंद्र कानावत व शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा ,धर्मसभा के अतिथि संत बीरमदेव जी महाराज व विशिष्ट अतिथि गणपत मुनीम ,सीआर ईश्वर लाल चौधरी, सरपंच ईश्वर जाट ,पूर्व प्रधान प्रभूलाल चौधरी,जाट समाज के सचिव सांवरलाल चौधरी,कवि कानाराम, पूर्व सरपंच मांगी देवी बैरवा ,घेवर चंद बैरवा,वार्ड पंच महेंद्र बैरवा, रतनलाल सैन , भंवर सिंह रावत, टीकमचंद जैन,चमन मेघवंशी, रतनलाल बोरालिया, शिवराज, केकड़ी से श्यामलाल लाल बैरवा , बिजयनगर से रामलाल नंगवाडा, सीआर भागचंद बैरवा ,तेजमल ,मीठूसिंह रावत ,अशोक सैन ,दिनेश मरमट, शम्भू लाल मेघवंशी, देवस्थान के पुजारियों में सुरजकरण,मूला जी का भोपाल,लक्ष्मण लाल,लाबू लाल ,रामदेव,ओनाड बैरवा , रामगोपाल बैरवा सहित अतिथियों का सेवानिवृत प्रधानाचार्य मिश्रीलाल मरमट ने सभी का माला साफ़ा पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया। कार्यक्रम में सभी जाति धर्म के महिला एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कवि कानाराम ने किया।

## लोकेश चंद्र नगला ने किया सीबीईओ मसूदा पद पर कार्यभार

### अधीनस्थ कर्मचारी ने किया अभिनन्दन



**आसींद।** । शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक ने मुय जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी स्तर के 134 अधिकारियों की तबादला सूची जारी की। इसमें लोकेश नागला को सीबीइओ आसींद से मसूदा सीबीईओ पद पर स्थानांतरण हुआ है। शनिवार को सीबीईओ लोकेश चंद्र नगला को सीबीईओ कार्यालय के अधीनस्थ राजकीय विद्यालयों के अध्यापक गणों द्वारा माला पहनकर विदाई दी गई। एसीबीईओ आसींद भंवरलाल सेन ने बताया कि सीबीईओ नागला जी का कार्यकाल मे शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किए गए तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ना उनकी प्रथम प्राथमिकता रही थी । दोपहर बाद लोकेश चन्द्र नागला मसूदा सीबीईओ कार्यालय पहुंचकर अधीनस्थ कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यभार ग्रहण किया । अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा सीबीईओ नागला को माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। मौके पर सीबीईओ कार्यालय में के कर्मचारी गण मौजूद रहे ।

## राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय केकड़ी का कक्षा 12 बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है

### कुल 26 छात्राओं में से 24 प्रथम श्रेणी से व 2 छात्राएँ द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं

**केकड़ी** केकड़ी शहर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय केकड़ी का कक्षा 12 बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है परीक्षा प्रभारी नवनीत सिंह शेखावत ने बताया कि प्रथम स्थान पर प्रिया गुर्जर ने 91.40%द्वितीय स्थान पर समृद्धि रेबारी ने 86.00% व तृतीय स्थान पर मोनिका माली ने 83.80% अंक प्राप्त किए संस्था प्रधान राधेश्याम कुमावत ने बेहतर परिणामों के लिए सभी शिक्षकों अभिभावकों व छात्राओं को इसका श्रेय दिया गौर तलब है कि इस आवासीय विद्यालय में राजस्थान के विभिन्न जिलों से वंचित तबके की छात्राएँ आवासीय परिवेश में रहते हुए अध्ययन करती हैं वर्तमान में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है



## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने दिया छात्राओं को प्रशिक्षण

किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पुलिस लाइन भीलवाड़ा में समाज सेवा शिविर के अंतर्गत शनिवार को पुलिस विभाग के एक विंग कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के द्वारा छात्र-छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के संबंध में एक बहुत ही उपयोगी प्रशिक्षण दिया गया। संस्था प्रधान मोहम्मद फारूक रंगरेज ने बताया कि समाज सेवा शिविर के आज संचालित सातवें दिवस में स्थानीय विद्यालय में आत्म रक्षा दल से राजकुमारी चौधरी व सरोज चौहान तथा कालिका पेट्रोलिंग विंग से प्रांजल,कविता, मीरा, विमला ने राज कॉप एप के माध्यम से राज्य पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान करना एवं छात्राओं को अपनी सुरक्षा कैसे की जाए घर पर तथा बाहर जब अकेले हो तब क्या-क्या सावधानियां रखनी चाहिए और किस प्रकार से परेशानी के समय किस प्रकार से मदद प्राप्त की जाए इसके बारे में जानकारी दी। राजकुमारी चौधरी ने अपने अनुभव और व्यक्तव्य के द्वारा कालिका पेट्रोलिंग तथा आत्मरक्षा दल के बारे में संपूर्ण जानकारी दी और बताया कि उक्त दोनों यूनिट भीलवाड़ा जिले में महिलाओं तथा छात्रों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्यरत हैं और किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह तुरंत पीड़ित को सहायता उपलब्ध कराने पहुंच जाती है। भविष्य मे भी इन प्रशिक्षण का महत्त्व और ऐसे प्रशिक्षणो की आवश्यकता है!स्थानीय विद्यालय के दल प्रभारी तथा शिविर प्रभारी श्रीमती श्वेता खंडेलवाल एवं जितेंद्र कुमार ब्यावट ने उक्त प्रशिक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## जहाजपुर के स्वस्तिधाम में चोरी की घटना को लेकर सकल जैन समाज का ज्ञापन



किस्मत भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** सकल जैन समाज ने शनिवार को जहाजपुर स्थित स्वस्तिधाम मंदिर में हुई करोड़ों की चोरी के विरोध में कलेक्टरी कार्यालय पर एकत्र होकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया को एक ज्ञापन सौंपा। समाज के सदस्यों ने इस घटना को अपनी धार्मिक आस्था पर गहरा आघात बताया और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया कि स्वस्ति धाम जहाज मंदिर से करोड़ों रुपये मूल्य की चांदी-सोने की सामग्री और पूज्य प्रतिमाओं से जुड़ी पवित्र वस्तुओं की चोरी ने पूरे जैन समाज को झकझोर कर रख दिया है। मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी धार्मिक परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन देने वालों में सकल जैन समाज के पदाधिकारियों समेत सैकड़ों प्रबद्धजन मौजद थे।

## पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की घटना का खुलासा किया, तीन वाहन सहित तीन चोर गिरफ्तार किया

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** स्थानीय पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की घटना का किया खुलासा। तीन वाहन सहित तीन चोरो को किया गिरफ्तार।पुलिस थानाधिकारी हनुमान सिंह ने बताया की क्षेत्र मे विगत दिनों मे दुपहिया वाहन चोरी की घटना बढ रही थी, जिस पर जिला पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा एवं पुलिस उपाधीक्षक के सुपरविजन मे टीम गठित कर जांच शुरू की गई, जिस पर स्थानीय क्षेत्र के ही तीन वाहन चोर करण जाट पिता गोपाल प्रतापपुरा व दिलीप पिता भागचंद बैरवा गुलाबपुरा एवं सावरा ऊर्फ मदनदास वैष्णव फुलिया को तीन बाईक सहिता गिरफ्तार किया गया। उक्त वाहन विभिन्न जगह व पार्क, उधान से चोरी की हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है, कई वाहन चोरी की वारदातो का खुलासा होने के आसार है । पुलिस थाने मे कई लोगो ने वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवा रखी है। पुलिस टीम मे थानाधिकारी, हनुमान सिंह, दीपेंद्र सिंह, जगपाल सिंह, रमेश, कमल, बाबू लाल, रामजस सहित जवान शामिल थे।



## नर्सिंग ऑफिसर गुंजन सुरोलिया को किया गया सम्मानित



किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** बिजयनगर की बेटी का जोधपुर एम्स मे डायरेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। बिजयनगर निवासी गुंजन सुरोलिया पुत्री कमलेश कुमार के नर्सिंग ऑफिसर को नर्सिंग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में एम्स प्रिंसिपल प्रोफेसर सुरेश कुमार शर्मा द्वारा उत्कृष्ट कार्य व बेहतरीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। गुंजन सुरलिया को सम्मानित करने पर परिवार व परिचितों में हर्ष व्याप्त है।

## 31 मई तक नाम नहीं हटाये तो कसेगा कानून का शिंकजा

किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी -अजमेर 24** मई(पवन राठी। खाद्य सुरक्षा योजना की पात्रता खो चुके 3375 परिवारों के 12656 सदस्यों ने सरकार की प्रस्तावित कार्यवाही के डर से स्वेच्छा से अपने नाम हटवा लिये हैं। अभियान की अंतिम तिथि 31 मई सरकार द्वारा निर्धारित की गई है। यदि इसके बाद कोई परिवार पात्रता नहीं रखने के बावजूद खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ लेता है तो उस पर विभाग कार्यवाही के साथ ही 27 रूपये प्रति किलो अथवा बाजार दर के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) नीरज कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ लेने वाले लाभार्थियों के लिए गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है। इसके बाद भी खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से लाभ उठा रहे हैं तो उनके नाम काटे जा रहे हैं। वे उपभोक्ता एवं परिवार स्वयं अभियान के तहत योजना से नाम कटवा सकते हैं। विभाग के पास सभी अपात्र परिवारों की सूची तैयार है। वे स्वयं अंतिम तिथि से पूर्व नाम नहीं हटवाते हैं तो 01 जून से विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। साथ ही विधिक कार्यवाह भी अमल में लाया जायेगा। जिला रसद कार्यालय ग्रामीण (द्वितीय) अजमेर के क्षेत्र में अब तक 396 सक्षम व्यक्तियों को नोटिस जारी किये जा चुके हैं। अब खाद्य विभाग द्वारा सघन अभियान में गति लाते हुए सभी प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षकों को शेष रहे सक्षम व्यक्यिों के चिह्निकरण का दायित्व दिया गया है। प्रवर्तन स्टाफ प्रत्येक उचित मूल्य दुकान के निरीक्षण के दौरान गिव-अप फार्म की अधिक से अधिक संख्या में उपलब्धता को प्राथमिकता देगा।

## ब्यावर चोरी के शक में हिस्ट्रीशीटर मालिक ने जेसीबी से उल्टा लटकाकर बेरहमी से पीटा, पुलिस के हत्थे चढ़ा

किस्मत भीलवाड़ा

**ब्यावर** में चोरी के शक में हिस्ट्रीशीटर ने डंपर ड्राइवर को से रस्सी से बांधकर उल्टा लटकाकर पीटा। बदमाश 3 घंटे तक बेल्ट और डंडे से बेरहमी से पीटता रहा। ड्राइवर के घावों पर नमक और पानी भी छिड़का गया। घटना रायपुर इलाके के गुड़िया गांव में 3 महीने पहले हुई थी। शनिवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हुआ। पुलिस ने वीडियो सामने आने के बाद हिस्ट्रीशीटर को राउंडअप कर लिया। घटना हिस्ट्रीशीटर तेजपाल के फार्म हाउस पर हुई। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीड़ित ड्राइवर को जेसीबी पर उल्टा लटकाया गया है। उसे बेल्ट और लाठियों से पीटा जा रहा है। शरीर पर नमक पानी डाला जा रहा है। घटना के दौरान मौके पर कई लोग मौजूद थे, लेकिन किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की।

वहां मौजूद लोग घटना का वीडियो बनाते रहे।

घटना क जानकारी मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला ब्यावर व वृताधिकारी वृत्त जैतारण के सुपरविजन में थानाघधिकारी पुलिस





थाना रायपुर, सेन्दडा, बर व कालु की विभिन्?न टीमों का गठन किया जाकर विभिन जगहों पर आरोपीयो के ठिकाने पर दबिश दी गई जिस पर घटना में मुख्य आरोपीगण तेजपालसिह पुत्र चन्दनसिंह जाति राजपुत निवासी गुडिया पुलिस थाना रायपुर जिला ब्यावर व परमेश्वर सिंह पुत्र चन्द्रसिंह जाति रावत निवासी जेतपुरा पुलिस थाना बर जिला ब्यावर को दस्तयाब किया गया जिनसे गहन पूछताछ जारी है व अन्य आरोपीगणो की तलाश जारी है। तेजपालसिह के विरुध पुर्व में करीब एक प्रकरण दर्ज है । थाना रायपुर का हिस्टीशीटर तेजपालसिंह पुत्र चन्दनसिंह राजपुत को पुर्व में दिनांक 15.10.2024 को एक साल के लिए नैक चलनी हेतु पाबंध करवाया हुआ है । पीडित युवक याकूब मेहरात नियासी सेन्दडा द्वारा की अपहरण करने, फोन छीनने एवं अमानवीय तरीके से जान लैवा मारपीट करने संबंधी रिपोर्ट पेश करने पर आरोपीगण के विरूद्ध गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया परिवादी ने बताया कि तेजपाल व अन्य के मारने के डर से मैंने घटना के बारे में आज तक किसी को नहीं बताया। आज मारपीट का वीडियों वायरल होने पर मेरे द्वारा मेरे परिजनों को पूरी बात बताई जिनके विश्वास दिलाने पर आज थाना पर रिपोर्ट दर्ज करवा रहा हूं। दोनो आरोपियों से पूछताछ की जा रही है शेष आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें दविश दे रही है। घटना में प्रयुक्त फोरचनर आरजे 22 यए 9494 जेसीबी मशीन को जब्त किया गया ।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला स्टांप विक्रेता भी लोक सेवक

## राजस्थान के 20000 स्टांप वेंडर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के दायरे में

किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर** सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण फैसले के अनुसार स्टांप विक्रेता भी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत लोक सेवक माने जाएंगे। इसलिए उन पर भी इस कानून के तहत कार्रवाई हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि स्टांप पेपर बेचना सार्वजनिक कर्तव्य है। इसके बदले विक्रेता सरकार से पारिश्रमिक लेते हैं। इसलिए वे लोक सेवक की परिभाषा में आते हैं। राजस्थान के 20000 स्टांप वेंडर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के दायरे में आएंगे। प्रदेश में सबसे अधिक जयपुर जिले में 4500 स्टांप वेंडर हैं। जिले में सालाना 4400 करोड़ रुपए के स्टांप की बिक्री होती है। इसमें फिजिकल स्टांप व ई-स्टांप दोनों शामिल हैं। राजस्थान हाईकोर्ट में एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि



जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि जो व्यक्ति किसी सार्वजनिक कर्तव्य के लिए फीस या कमीशन के रूप में पारिश्रमिक लेता है, वह लोक सेवक माना जाएगा। कोर्ट ने अपने पुराने फैसले का हवाला भी दिया। कोर्ट ने कहा कि स्टांप विक्रेता सरकार से रियायती दर पर स्टांप पेपर खरीदते हैं, यह रियायत ही उनका पारिश्रमिक है। प्रदेश में सबसे अधिक जयपुर जिले में 4500 स्टांप वेंडर हैं; वे सालाना 4400 करोड़ का ऑनलाइन ई-स्टांपिंग और फिजिकल स्टांपिंग का कारोबार करते हैं कोर्ट ने यह दलील खारिज कर दी कि स्टांप विक्रेता पर भ्रष्टाचार कानून लागू नहीं होता उन्होंने बताया कि यह मामला 2003 से विचाराधीन था। दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने अमन भाटिया के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप था कि उन्होंने 10 रुपए का स्टांप पेपर 12 रुपए में बेचा। यानी 2 रुपए ज्यादा लिए। इस पर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(1)(डी) और 13(2) के तहत मामला दर्ज हुआ। 2009 में विशेष अदालत ने भाटिया को दोषी ठहराया। सजा सुनाई। 2013 में उच्च न्यायालय ने भी यह फैसला बरकरार रखा। इसके बाद भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। उन्होंने कहा कि वे सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, इसलिए उन पर भ्रष्टाचार कानून लागू नहीं होता। सुप्रीम कोर्ट ने यह तर्क खारिज कर दिया, लेकिन सबूतों की कमी के चलते उन्हें सजा से राहत दी। कोर्ट ने विशेष अदालत और उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया।

## मृतक बेटे की संपत्ति में मां भी बराबर की हिस्सेदार हाईकोर्ट का फैसला, 1.07 करोड़ बीमा राशि में से 35.92 लाख रुपए मिलेंगे

किस्मत भीलवाड़ा

**जयपुर** हाईकोर्ट ने मृतक बेटे की संपत्ति और क्लेम के पैसों में पत्नी-बेटे के साथ मां को भी बराबर का हकदार माना है। मां को हिस्सा देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस गणेशराम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश हेमलता शर्मा की याचिका पर दिए हैं। हाईकोर्ट ने मृतक बेटे की बीमा राशि 1.07 करोड़ में से मां को 35.92 लाख देने के आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा- मृतक के बेटे और पत्नी के समान मां भी एक-तिहाई हिस्सा प्राप्त करने की अधिकारी है। याचिकाकर्ता के वकील संपत्ति शर्मा ने बताया- सेशन कोर्ट ने याचिकाकर्ता की ओर से साल 2021 में पेश प्रार्थना-पत्र को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए बिना नॉमिनी घोषित संपत्तियों में ही मां को समान राशि प्राप्त करने का हकदार माना था। इस आदेश को हेमलता शर्मा ने हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि उसके बेटे आनंद दाधीच की 1.07 करोड़ की राशि में से उसका एक-तिहाई हिस्सा 35,92,412 रुपए दिलाए जाने के आदेश दिए जाए। याचिका में कहा गया कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत बेटे की संपत्ति में मां का भी समान हक और अधिकार है। इसके अलावा नॉमिनेशन एक कानूनी व्यवस्था है, जो किसी व्यक्ति को मालिक की मौत के बाद कानूनी उत्तराधिकारियों के लिए संपत्ति का प्रबंधन करने और उसे ट्रस्ट में रखने के लिए नामित करती है। संपत्ति का स्वामित्व नॉमिनेशन के जरिए नॉमिनी व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं किया होता है।इसके साथ ही कोर्ट ने एलआईसी और निजी बीमा कंपनियों को आदेश दिए हैं कि मृतक की जिन पॉलिसी का क्लेम पेंडिंग है। उनमें मां को एक तिहाई पैसा दिया जाए।

## घोड़ी सवार की मौत,एक किलोमीटर दौड़ने के बाद घोड़ी ने तोड़ा दम, देवनारायण जुलूस में शामिल होने जा रहा था

किस्मत भीलवाड़ा

**सावर।** सावर थाना क्षेत्र में बोलेरो कार की टक्कर से एक घोड़ी व घोड़ी पर सवार एक जने की मौत हो गई। सूचना पर सावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार नयागांव बीसलपुर कॉलोनी निवासी धनराज दरोगा पुत्र कानाराम दरोगा (38) शनिवार सुबह घोड़ी



लेकर अपने गांव से मुंशीपुरा गांव में देवनारायण भगवान का जुलूस निकालने के लिए घोड़ी पर सवार होकर जा रहा था। अजमेर-कोटा राजमार्ग पर वंश प्रदीप होटल के पास सामने से तेज गति से आ रही बोलेरो कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद भी घोड़ी एक किलोमीटर तक दौड़ती रही। एक किलोमीटर दौड़ने के बाद नापाखेड़ा गांव में घोड़ी ने दम तोड़ दिया। वहीं दुर्घटना में घोड़ी पर सवार धनराज दरोगा के सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई। राहगीरों ने दुर्घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर घायल को सावर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने धनराज दरोगा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर सावर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। मृतक के भाई रतन दरोगा की रिपोर्ट पर बोलेरो चालक के खिलाफ तेज गति व लापरवाही से दुर्घटनाकारित करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक खेती का काम करता था। मृतक के एक पुत्र व तीन पुत्रियां हैं। दुर्घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## विधायक खंडेलवाल ने 90 प्रतिशत अंक से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को हवाईयात्रा की घोषणा की थी। अब देखना है कितनी छात्राओं का हवाईयात्रा का सपना पूरा होगा

### खुशबू कंवर कानावत ने 93.30प्रतिशत अंक प्राप्त किए

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** बीगोद कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा में इस सत्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर बालिकाओं के लिए घोषणा के माध्यम से हवाई यात्रा करवाने का ख्वाब दिखाया था।जिसे उप खंड क्षैत्र की बालिकाओं का हौसला बढ़ा और



अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने में कुछ बालिकाएं सफल हुई।विधालय बीगोद की 12 वीं में 7 बालिकाओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। क्षैत्र के गांव बागित विधालय की छात्रा खूशबु कंवर कानावत पिता भीम सिंह कानावत ने 93 .30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विधालय,गावं एवं अभिभावकों का मान बढ़ाया। विदित रहे मांडलगढ़ क्षैत्र के विधायक गोपाल खंडेलवाल ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाली व बालिकाओं के लिए हवाई यात्रा करवाने की घोषणा की थी।अब देखना है कि विधायक की घोषणा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले कितने विधार्थी हवाई यात्रा के सपने पूरे कर पाएंगे। विदित हो इस तर्ज पर धाकड़ खेड़ी प्रथम में सर्वाधिक अंक लाने पर एक भामाशाह ने हवाई यात्रा की घोषणा की थी।इस विधालय में बागीत गांव की खुशबू कंवर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। विधालय में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक लाने वाले विधार्थी के लिए हवाईयात्रा की घोषणा भामाशाह शम्भू लाल वर्मा ने 26 जनवरी पर विधालय में की थी।उस विधालय की छात्रा खूशबु कंवर कानावत ने 12वी बोर्ड परीक्षा में 93.30प्रतिशत अंक प्राप्त किये।खुशबु हवाई यात्रा करने के ख्वाब पूरे करेगी।

## सोनिया तेली ने किया अपने समाज का नाम रोशन



किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** भीलवाड़ा श्री माणिक्य लाल वर्मा महिला आश्रम उच्च माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम घोषित किया हुआ छात्राओं प्रथम श्रेणी से पास हुई सोनिया तेली ने 90,80 अंक प्राप्त कर अपने समाज का नाम रोशन किया मोहनपुरा सरपंच रामस्वरूप तेली ने बताया कि भीलवाड़ा श्री माणिक्य लाल वर्मा महिला आश्रम माध्यमिक विद्यालय जारी हुए माध्यामिक शिक्षा बोर्ड 12 वी कक्षा का परिक्षा परिणाम पास हुई सोनिया ने तेली समाज का नाम रोशन किया ।

## केकड़ी तहसीलदार श्रीमती बंटी राजपूत द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सा संस्थान एवं अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण



किस्मत भीलवाड़ा

**केकड़ी** आज दिनांक 24-05-2025 को जिला कलेक्टर अजमेर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार तहसीलदार केकड़ी श्रीमती बंटी राजपूत द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में राजकीय चिकित्सालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जूनिया एवं बघेरा का औचक निरिक्षण किया गया , निरीक्षण के दौरान हीट वेव एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए मरीजो के लिए आवश्यक दवाइया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उपस्थित चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया गया. हॉस्पिटल में उपस्थित आमजनों को गर्मी के मौसम को देखते हुए सावधानियां बरतने हेतु जानकारी दी गई । साथ ही जुनिया स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया . तहसीलदार राजपूत द्वारा भोजन करने आये व्यक्तियों के साथ स्वय भोजन चखकर गुणवत्ता जांची गयी एवं उपस्थित अन्नपूर्णा रसोई के संचालक एवं कार्मिको को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

## तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब खंडेलवाल ने भरा जोश



किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** मांडलगढ़ में शनिवार की प्रातः भाजपा की ओर से भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय, वन्देमातरम के नारों के उदघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। तिरंगा यात्रा के संयोजक अनिल पारीक ने बताया कि मांडलगढ़ के विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित भारी भीड़ का जोश देखने लायक था। तिरंगा यात्रा राणा सांगा सेवा संस्थान के यहां से शुरू होकर स्टेच्यू सर्किल, कोर्ट रोड ,कोटा रोड होते हुए डाक बंगला पहुंची। इस अवसर पर मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी , पंचायत समिति सदस्य दिलीप सिंह राणावत बड़लियास, पूर्व नपा अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्जुन ब्रह्म भट्ट, नगर भाजपा अध्यक्ष अशोक जीनगर ,मनोज सनाढ्य,नंदराय मण्डल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत , जिला परिषद सदस्य हरि लाल जाट , पूर्व मंडी अध्यक्ष रतन लाल खटीक , मुरली मनोहर गट्टाणी , पार्षद अनीता सुराणा, बिन्दु शर्मा , डॉ गोपाल यादव , सिंगोली प्रशासक राकेश आर्य ,गजेन्द्र कुमार साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व के कारण देश प्रगति कर रहा है। हमारी सेनाओं के पराक्रम को हम सलाम करते है। डबल इंजन की सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रही है।

## चंवरा के हनुमान जी के छप्पन भोग आज

किस्मत भीलवाड़ा

**आकोला** कस्बे के निकट चंवरा का हनुमान जी के यहां छप्पन भोगआयोजन किया जा रहा है। आयोजक सदस्य बसंत कुमार पाराशर ने बताया कि राधेश्याम बालू लाल गणपत लाल एवं पाराशर परिवार की ओर से चंवरा का हनुमान जी के यहां 25 मई रविवार को दोपहर 12:15 बजे छप्पनभोग चढ़ाया जाएगा ।

## बाड़ी माता गौशाला का उपखंड अधिकारी ने किया निरीक्षण

किस्मत भीलवाड़ा

**गुलाबपुरा** निकटवर्ती बाडीमाता तीर्थ स्थल पर संचालित बाड़ी माता गौशाला का मसूदा उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया द्य उपखंड अधिकारी गौशाला में चारे पानी की व्यवस्थाओं से संतुष्ट हुए सभी रिकार्ड संधारित पाए गए द्य एसडीएम शेखावत ने गौशाला में सभी गौवंश स्वस्थ हैं ,गौशाला में दुर्घटनाग्रस्त गोवंशों की सेवा देखकर गौ सेवकों और पशु चिकित्सक टीम की सराहना की इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र चौधरी ,दिवाकर उपाध्याय, गौशाला व्यवस्थापक कैलाश चंद्र गुर्जर , नौरत मल जाट,प्रभु गुर्जर , राजेंद्र, भरत सहीत मौजूद थे



**सोवियत संघ के काल से ही रूस वस्तुतः कश्मीर विवाद के जटिल प्रश्न पर पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को बिना किसी शर्त के एक तरफा समर्थन प्रदान करता आया है। लेकिन हाल ही में हुए भारत-पाक सैन्य संघर्ष में रूस द्वारा संघर्षरत दोनों देशों के मध्य तटस्थ रहकर द्विपक्षीय वार्ता अंजाम देने की पेशकश की गई। राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने फरमाया कि दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों के साथ अपने ताल्लुक़ात को रूस बराबरी के स्तर पर अपनी तवज्जो प्रदान करता है। जब से भारत कूटनीतिक तौर पर अमेरिका के निकट हुआ है, तभी से रूस का भारत के प्रति कूटनीतिक खिंचाव बढ़ता गया है। भारत पाक के बीच ताजा झड़प में हमने देख लिया कि कौन हमारे साथ खड़ा है। दूसरी ओर, ईयू-यूके में हुए ताजे समझौते के बाद यूरोप को भारत की याद आ रही है। बदलते विश्व में भारत की बड़ी भूमिका होगी, बशर्ते हम पिछलग्गू ना बनें। हमें आत्मावलोकन करना होगा। बयानबाज़ी और कड़े तेवर नहीं, बल्कि विनम्रता और धैर्य इस नए दौर की राजनयिक मुद्रा होगी। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्व पटल पर निर्मित हो रहे सैन्य गठबंधनों पर एक विश्लेषण...**

# भारत-पाक सैन्य संघर्ष में कूटनीति का दीदार





विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**भारत और पाक के मध्य सैन्य संघर्ष के दौर में भारत के प्रति रूस की कूटनीति का एकदम नया चेहरा उजागर हो गया। ऐतिहासिक रूप से दृष्टि डालें तो फिर सोवियत संघ के काल से ही तथा सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के तत्पश्चात के कालखंड में भी रूस वस्तुतः कश्मीर विवाद के जटिल प्रश्न पर पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को बिना किसी शर्त के एक तरफा समर्थन प्रदान करता रहा। उस वक्त के सोवियत संघ ने संपूर्ण कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया था। पहलगाम में अंजाम दिए गए जिहादी आक्रमण के बाद भारतीय सेना द्वारा पाक के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई को लेकर रूस की भारत के प्रति व्यक्त की गई प्रतिक्रिया को बहुत सकारात्मक तौर पर नहीं देखा जा सकता है।**

सिर्फ चार दिनों के भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौरान विश्व पटल पर भारत द्वारा कूटनीतिक कलाबाजियों और जटिलताओं का जबरदस्त दीदार किया गया। विश्व पटल पर बनते और बिगड़ते सैन्य गठबंधनों के दौर में परमाणु बमों से लैस दुनिया तृतीय विश्व युद्ध के कगार पर खड़ी है। भारत और पाक के मध्य सैन्य संघर्ष के दौर में भारत के प्रति रूस की कूटनीति का एकदम नया चेहरा उजागर हो गया।

ऐतिहासिक रूप से दृष्टि डालें तो फिर सोवियत संघ के काल से ही तथा सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के तत्पश्चात के कालखंड में भी रूस वस्तुतः कश्मीर विवाद के जटिल प्रश्न पर पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को बिना किसी शर्त के एक तरफा समर्थन प्रदान करता रहा। वर्तमान भारत-पाक सैन्य संघर्ष में रूस द्वारा संघर्षरत दोनों देशों के मध्य तटस्थ रहकर द्विपक्षीय वार्ता अंजाम देने की पेशकश की गई। जब कभी भी भारत और रूस के कूटनीतिक संबंधों की चर्चा होती है तो फिर सोवियत संघ के दौर वाली गर्म जोशी को प्रायः भारतवासी याद किया करते हैं। शीत युद्ध के दौर में कश्मीर विवाद पर अमेरिका और पश्चिमी देशों द्वारा सदैव पाकिस्तान का पक्ष लिया गया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में सोवियत संघ ही एकमात्र देश था, जिसने कि सन् 1957, 1962 और 1971 में कश्मीर विवाद में संयुक्त राष्ट्र की दखलंदाजी वाले पश्चिमी देशों के प्रस्ताव को वीटो करके निरस्त कर दिया था। उस वक्त के सोवियत संघ ने संपूर्ण कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग करार दिया था।

## रूस की प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक नहीं

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के विरुद्ध पेश किए गए प्रस्तावों को रूस द्वारा कुल मिलाकर छह बार वीटो करके निरस्त किया गया। इनमें रूस द्वारा किए गए अधिकतर वीटो कश्मीर विवाद में संयुक्त राष्ट्र की दखलअंदाजी को लेकर थे। सन् 2019 में जब भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर प्रांत का विशेष दर्जा समाप्त करने का ऐलान किया था, तब भी प्रेसिडेंट पुतिन की रूसी सरकार ने भारत का खुलकर समर्थन किया था। लेकिन पहलगाम में अंजाम दिए गए नृशंस जिहादी आक्रमण के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध की गई सैन्य कार्रवाई को लेकर रूस की भारत के प्रति व्यक्त की गई प्रतिक्रिया को बहुत सकारात्मक तौर पर नहीं देखा जा सकता है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने फरमाया था कि भारत हमारा रणनीतिक पार्टनर है और पाकिस्तान भी हमारा राजनीतिक पार्टनर है। दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों के साथ अपने ताल्लुक़ात को रूस बराबरी के स्तर पर अपनी तवज्जो प्रदान करता है। राष्ट्रपति पुतिन का भारत का सरकारी दौरा दिसंबर 2021 में संपन्न हुआ था। फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के तत्पश्चात पुतिन भारत नहीं पधारे हैं। दूसरी तरफ राष्ट्रपति पुतिन दो दफा चीन का शासकीय दौरा कर चुके हैं। इस दौरान वह अन्य देशों का भी दौरा करते रहे हैं। यहां तक कि सितंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित जी 20 समिट में भी राष्ट्रपति पुतिन ने शिरकत नहीं की। भारत-पाक सैन्य संघर्ष के दौर में जब पाकिस्तान को प्रेसिडेंट शी जिनपिंग का चीन खुलकर समर्थन प्रदान कर रहा था तो भारत की तरफ से यह उम्मीद व्यक्त की जाती रही कि रूस द्वारा भारत का खुलकर समर्थन किया जाना चाहिए। भारत और रूस के ताल्लुक़ात यकीनन अब पहले जैसे कदाचित नहीं रहे हैं। जब से भारत कूटनीतिक तौर पर अमेरिका के निकट हुआ है, तभी से रूस का भारत के प्रति कूटनीतिक खिंचाव बढ़ता गया है।

## रूस से सैन्य हथियारों का आयात कम

सन् 2009 से लेकर सन् 2013 के मध्य रूस से भारत को हथियारों का आयात तकरीबन 76 फीसदी था, लेकिन 2019 से 2023 के मध्य रूस से सैन्य हथियारों के आयात में 36 फीसदी की गिरावट आई है। सैन्य हथियारों के लिए भारत की निर्भरता अमेरिका एवं पश्चिमी देशों पर बढ़ गई है। भारत द्वारा रूस से अपेक्षाकृत सस्ता तेल आयात करने में काफी वृद्धि नजर आई। रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत द्वारा रूस के प्रति एक तरफा समर्थन व्यक्त नहीं किया गया, बल्कि रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत ने कूटनीतिक मध्यस्थता का प्रस्ताव पेश किया। ठीक ऐसा ही रवैया रूस द्वारा भारत-पाक सैन्य संघर्ष में भारत के प्रति अपनाया गया है जबकि रूस ने भी कश्मीर विवाद पर भारत-पाक के मध्य मध्यस्थता करने का प्रस्ताव पेश किया है। शीत युद्ध के नए दौर में रूस बहुत संभल कर कदम उठा रहा है। रूस वस्तुतः चीन का अत्यंत निकट राजनीतिक और रणनीतिक पार्टनर बन गया है। चीन के विरुद्ध किसी सैन्य संघर्ष में सन्नद होकर रूस वस्तुतः भारत के साथ कदाचित खड़ा नहीं होगा। पाकिस्तान के विरुद्ध सन् 1971 की बांग्लादेश जंग में रूस भारत के पक्ष में खुलकर सैन्य तौर पर खड़ा हुआ था। लेकिन अब तो दुनिया बहुत बदल चुकी है। पाकिस्तान के ताल्लुक़ात अमेरिका और पश्चिमी जगत से पहले की तरह कायम नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि रूस की नजदीकियां पाकिस्तान के साथ निरंतर बढ़ रही है।

## भारत और अमेरिका में नजदीकियां बढ़ीं

अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत से प्रतिबंध हटा लेने के बाद रूस अब पाकिस्तान की मदद से अफगानिस्तान में अपने पैर जमाना चाहता है। 9/11 को न्यूयॉर्क ट्रेड सेंटर पर जिहादी आक्रमण के पश्चात भारत और अमेरिका के मध्य नजदीकियां बढ़ीं। अंतरराष्ट्रीय जिहादी आतंकवाद पर भारत और अमेरिका प्रायः एकजुट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त 2021 में जब अमेरिकन सेना अफगानिस्तान से पलायन कर रही थी, तब काबुल एयरपोर्ट पर एक आत्मघाती हमला अंजाम दिया गया। इस आत्मघाती हमले में तेरह अमेरिकी सैनिक मारे गए और सौ अफगान नागरिक हलाक किए गए। अमेरिका सरकार के मुताबिक इस आतंकवादी आक्रमण के मास्टरमाइंड मोहम्मद शरीफुल्ला को पाकिस्तान की सक्रिय मदद से गिरफ्तार कर लिया गया। जिहादी आतंकवादी मोहम्मद शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी पर प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से पाकिस्तान हुकूमत का शुक्रिया अदा किया, उससे यह पैगाम दिया गया कि पाकिस्तान अब अंतरराष्ट्रीय जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध विश्वव्यापी युद्ध में अमेरिका के साथ शामिल हो गया है और इसको पराजित करने में अमेरिका की इमदाद भी कर रहा है।

## जिहादी आतंकवाद पर अमेरिका की दोहरी नीति

विगत दिनों जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था, तब दोनों मुल्कों की तरफ से संयुक्त बयान जारी किया गया। बयान के तहत बाकायदा पाकिस्तान का नाम लेकर कहा गया कि पाकिस्तान को मुंबई के 26/11 के आतंकवादी आक्रमण की साजिश रचने वालों को तत्काल न्यायिक कटघरे में लाया जाना चाहिए। भारत और अमेरिका ने अपने साझा बयान में यह भी कहा कि दोनों देशों के नेताओं द्वारा वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध में निरंतर जंग जारी रखने की सहमति व्यक्त की गई है। दुनिया के हर कोने से आतंकवाद को खत्म कर देने के लिए भारत और अमेरिका ने प्रतिबद्धता प्रकट की है। दोनों देशों ने जिहादी आतंकवादी गिरोहों क्रमशः अलकायदा, जैश ए मोहम्मद, लश्कर ए तैयबा और आईएसआईएस के विरुद्ध पर परस्पर सहयोग बढ़ाने पर अपनी सहमति व्यक्त की थी। वैश्विक जिहादी आतंकवाद के विरुद्ध अमेरिका सदैव से ही पाखंड पूर्ण दोहरी नीति अपनाता आया है। वैश्विक आतंकवाद को गुड टैरेरिज्म और बैड टैरेरिज्म के मध्य तकसीम करता रहा है। अमेरिका भी वैश्विक आतंकवाद को सिर्फ अपने खुदगर्ज चश्मे से निहारता है। यानी अमेरिका को जो नुकसान पहुंचाए वह तो आतंकवाद है और जो भारत को अथवा किसी अन्य देशों को क्षति पहुंचाए वह आतंकवाद नहीं है। अभी सीरिया को ही देख लें कि बशर-अल-असद को सत्ता से बेदखल करके किस तरह से एक करोड़ डॉलर के इनाम याफ्ता जिहादी आतंकवादी सरगना मोहम्मद अल जुलानी को अमेरिका द्वारा सत्तासीन कराया गया है। पाकिस्तान सदैव से ही अमेरिका का फ्रंटलाइन स्टेट बना रहा है। कुछ लोग उम्मीद बांधे हुए थे कि प्रेसिडेंट ट्रंप प्रशासन पाकिस्तानी फौज पर लगाम कसेगा और इमरान की रिहाई के लिए दबाव डालेगा। लेकिन जिहादी आतंकवादी शरीफुल्लाह की गिरफ्तारी से अमेरिका और पाकिस्तान के मध्य प्रबल सहयोग बनता हुआ प्रतीत हो रहा है। अमेरिका अभी तानाशाह पाकिस्तानी फौज पर अपना पूरा एतमाद रखता है। अमेरिकन सरकार का स्पष्ट नजरिया है कि पाकिस्तान अभी कुछ मोर्चेबंदी पर उसके लिए बड़ा मददगार साबित हो सकता है। वह पाकिस्तान को चीन के सैन्य गुट में शामिल हो जाने से भी रोकना चाहता है। भारत के प्रति कूटनीतिक निकटता होते हुए भी डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य संघर्ष के दौर में अमेरिका और पाकिस्तान को एक ही तराजू में तोला है। पाकिस्तान को उसके एफ-16 प्रोग्राम को बाकायदा चलाए रखने के लिए 3.97 करोड़ डॉलर प्रदान करने का ऐलान कर दिया गया। जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने 90 दिनों तक किसी तरह की विदेशी मदद स्थगित करने का ऐलान किया था। उस वक्त प्रेसिडेंट ट्रंप द्वारा यह उदारता पाकिस्तान के प्रति दिखाई गई और इसी रोज भारत की चार कंपनियों पर अमेरिका ने प्रतिबंध भी आयद कर दिया। अमेरिकन सरकार का कहना है कि भारत की इन चार कंपनियों से ईरान को इमदाद मिल रही थी।

## कूटनीतिक कलाबाजियों के मध्य राह बनाए भारत

कूटनीति के अन्य पहलुओं पर नजर डालें तो चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति जताई गई है। भारत सदैव से ही पाकिस्तान-चीन इकोनामिक कॉरिडोर की प्रबल मुखालफत करता रहा है, क्योंकि यह आर्थिक गलियारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है और भारत वस्तुतः पाक अधिकृत कश्मीर को अपना अभिन्न अंग करार देता है। चीन इस कूटनीतिक कोशिश में है कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मध्य शत्रुता खत्म हो जाए ताकि चीन की बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव परियोजना का विस्तार अफगानिस्तान तक किया जा सके। भारत-पाक सैन्य संघर्ष ने हमें सिखा दिया है कि प्रत्येक राष्ट्र अपने राष्ट्रीय हितों को ही प्राथमिकता प्रदान करता है। प्रेसिडेंट पुतिन का वर्तमान रूस भी हमारा बहुत भरोसेमंद मित्र नहीं रह गया है। बहुत कोशिशों के बावजूद अमेरिका भी भारत का विश्वसनीय सहयोगी राष्ट्र नहीं रहा है। विस्तारवादी चीन तो खुलकर सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान के साथ सन्नद होकर खड़ा ही रहा। दो शक्तिशाली सैन्य ध्रुवों और जटिल कूटनीतिक कलाबाजियों के मध्य से भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की राह निर्मित करनी है।

## छात्र नेता-बीएनपी की जंग में उलझे यूनुस

बांग्लादेश में सियासी सरगर्मियों का दौर जारी है। दरअसल, देश में लगातार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। खासकर उसकी तरफ से किए गए सुधार और देश में लोकतंत्र की नई इबारत लिखने के वादों पर। बीते 10 महीने में जिस तरह से बांग्लादेश में अर्थव्यवस्था से लेकर सुधारों की गति ठहरी है, उसके बाद न सिर्फ आम लोग, बल्कि यूनुस के करीबियों ने भी अपने सुर बदल लिए हैं। अब बांग्लादेश में ताजा तनाव मोहम्मद यूनुस के बयान से उपजा है। बीबीसी बांग्ला को दिए एक इंटरव्यू में यूनुस के करीबी रहे छात्र नेता नाहिद इस्लाम ने कहा है कि अंतरिम सरकार के प्रमुख अपना पद छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। कभी यूनुस के सलाहकार रहे छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद के मुताबिक, यूनुस ने आशंका जताई कि देश की मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक राजनीतिक दल सहमति नहीं बना लेते, मैं काम नहीं कर पाऊंगा। बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान शेख हसीना के सरकार से हटने के बाद छात्रों के ही एक गुट ने मांग की थी कि राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को पद से हटा दिया जाए। इसके पीछे वजह दी गई कि राष्ट्रपति, जो कि तीनों सेनाओं का प्रमुख होता है, उसकी नियुक्ति 2023 में शेख हसीना की सरकार ने ही की थी। हालांकि, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने छात्रों के गुट की मांग पर असहमति जता दी थी। इसके चलते बांग्लादेश में बीएनपी और छात्र संगठनों के बीच टकराव की शुरुआत हो गई। रिपोर्ट्स की मानें तो मोहम्मद यूनुस सरकार जल्द ही संविधान संशोधन के जरिए राष्ट्रपति का पद ही खत्म करने पर विचार कर रही है। हालांकि, इसे बीएनपी ने अब तक समर्थन नहीं दिया है। यहां तक कि बांग्लादेश के सेना प्रमुख तक ने ऐसे कदम की जानकारी न होने के साथ ऐसी कथित बातों को बकवास करार दिया है। हाल ही में जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता इशराक हुसैन ने ढाका दक्षिण शहर निगम में मेयर पद के लिए शपथ लेने का अभियान शुरू किया तो उनके समर्थक इस मांग के साथ मोहम्मद यूनुस के बंगले के बाहर तक पहुंच गए।

# ट्रंप बदले तो यूरोप को आई भारत की याद



कूटनीति
ओंकारेश्वर पांडेय
वरिष्ठ पत्रकार व रणनीतिकार

बीते हफ्ते जब भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम के बारूदी गुबार के बाद जीत-हार के दावे और नुकसान के आकलन कर रहे थे और वाशिंगटन में बैठे राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार सीज फायर कराने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे, ठीक उसी समय ब्रुसेल्स में यूरोप और ब्रिटेन इतिहास के एक नये अध्याय पर हस्ताक्षर कर रहे थे। एक ऐसा इतिहास जो खामोशी से एक ध्रुवीय विश्व को बहुध्रुवीय दुनिया की तरफ ले जा रहा था। 19 मई 2025 को ब्रुसेल्स की सर्द हवाओं में यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने जो रणनीतिक समझौता किया, उसमें सुरक्षा, रक्षा, यूक्रेन समर्थन, प्रवास, जलवायु, शिक्षा और व्यापार तो शामिल था ही, इसमें अमेरिकी छत्रछाया से इतर एक नया यूरोप बनाने की दृढ़ इच्छा शक्ति की झलक भी थी। यह समझौता महीनों की उस गोपनीय बातचीत का नतीजा था, जो जनवरी 2025 में राष्ट्रपति ट्रंप की दी हुई अपमानजनक उपेक्षा और अवहेलना से शुरू हुई थी। यह ब्रेक्सिट के पुराने जख्मों पर मरहम नहीं, बल्कि यूरोप की उस जिद का प्रतीक था, जो अब अमेरिका के तलाकनामे के बाद अपनी नई राह तलाश रही है। इस साल की शुरुआत में जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दोबारा कदम रखा, तो शायद उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि उनका तमाशा विश्व मंच पर एक नयी पटकथा लिख देगा। एक ऐसी पटकथा, जिसमें दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका खुद अकेला पड़ता जायेगा, तो वहीं इस राह पर कदम बढ़ाते यूरोप को रूस और चीन से अलग भारत की याद आएगी, उस भारत की जिसने नेहरु के जमाने से ही गुट निरपेक्षता की राह पकड़ी थी। आज यूरोप को लग रहा है कि नेहरु के रास्ते ठीक थे, उसने अमेरिका पर निर्भर रहकर कई दशक गंवा दिये।

***ट्रम्प के बयान से बदली दिशा :*** शायद ट्रंप को अंदाज़ा भी नहीं होगा कि यूरोप के प्रति उनके जहरीले बयान विश्व राजनीति की दशा और दिशा ही बदल देंगे। 20 जनवरी 2025 को, वाशिंगटन डीसी में ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ ली। इसके बाद, 15 मार्च 2025 को पेन्सिलवेनिया की एक रैली में उन्होंने नाटो को "बेकार का बोझ" ठहराया और यूरोप को "अमेरिकी खजाने पर पलने वाला मेहमान" बताया। 10 अप्रैल 2025 को टेक्सास में रूढ़िवादी दानदाताओं के सामने उन्होंने ईयू के ग्रीन डील को "आर्थिक हत्या" करार दिया, यह कहते हुए कि "अमेरिकी मज़दूर यूरोप के जलवायु सपनों का बोझ क्यों उठाए?" ट्रंप के ये तीखे बयान कोई तात्कालिक तुनकमिजाजी नहीं थे। राष्ट्रपति के रूप में उनका पहला कार्यकाल (2017–2021) भी इसी तरह के तानों से भरा था, जब उन्होंने नाटो को "पुराना ढाँचा" कहा, जर्मनी को "रूस का गुलाम" बताया, और ईयू को अमेरिका का "लाभ उठाने वाला" करार दिया। अब, 2025 में, इससे मर्माहत और तिलमिलाये यूरोप की आँखों में रोष है, मुट्ठियाँ बँधी हैं, और इरादे पक्के।




***यूरोप की कलम में जागा विद्रोह :*** ट्रम्प के अपमान भरे बयानों ने यूरोप के गौरव को ललकारा, तो यूरोप की कलम ने विद्रोह की स्याही से जवाब लिखा। 5 मई 2025 को, फ्रांस के अखबार ले मॉन्ड ने अपने संपादकीय में लिखा, "ट्रम्प ने साफ कर दिया कि यूरोप उनके लिए एक पुराना कोट है, जिसे वे कबाड़खाने में फेंकने को तैयार हैं।" जर्मनी के डेर स्पीगल ने तंज कसा, "ट्रम्प हमें इसलिए नीचा दिखाते हैं, क्योंकि वे शक्ति को केवल बम-बारूद में देखते हैं। मगर यूरोप की ताकत उसकी कूटनीति, उसकी स्थिरता, उसका धैर्य है।" 15 अप्रैल 2025 को, ब्रुसेल्स में यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशन्स (ईसीएफआर) ने अपने पेपर नो लॉन्गर पार्टनर्सः ए पोस्ट-अटलांटिक यूरोप में ऐलान किया कि "स्वायत्तता अब सपना नहीं, बल्कि ज़रूरत है।" तथ्य यह है कि यूरोप और अमेरिका कभी विश्व मंच के दो जिगरी दोस्त थे। 1949 में दोनों ने मिलकर नाटो की नींव रखी, मार्शल प्लान (1948–1952) के ज़रिए यूरोप का पुनर्निर्माण किया। 11 सितंबर 2001 को, 9/11 हमलों के बाद नाटो ने पहली बार आर्टिकल 5 लागू किया, और यूरोप के सैनिक अफगानिस्तान में अमेरिका के साथ लड़े। 2008 के आर्थिक संकट में, यूरोपीय बैंकों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व के साथ मिलकर वैश्विक बाजारों को संभाला। मगर ट्रम्प के लिए ये सब पुरानी कहानियाँ हैं, जिन्हें वे लेन-देन के बहीखाते में बदलना चाहते हैं। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में तो उनके तेवर यूरोप ने सह लिए। पर दूसरी बार भी वाशिंगटन का यही रवैया रहा, तो आहत ब्रुसेल्स और लंदन ने एक नया गीत लिख डाला, जिसे 19 मई 2025 को गाया गया।

## आदरांजलि

# ऋषि तुल्य व्यक्तित्व रामजीलाल अग्रवाल

छत्तीसगढ़ की राजधानी में अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर वर्तमान काल तक जिन-जिन व्यक्तित्वों को सामाजिक सफलता का प्रतीक माना गया, उनमें आदर्श उदाहरण रहे- रामजीलाल अग्रवाल। जीवन पर्यंत जिन्होंने पीड़ित मानवता के कल्याण की अपनी राह नहीं छोड़ी। टीबा बसाई झुंझनू, राजस्थान से आकर वे छत्तीसगढ़ के रायपुर में रच बस गए और इस माटी के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। आज 96 वें वर्ष उन्होंने अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर मोक्ष की यात्रा अंगीकार कर ली। ऋषि तुल्य गौ साधक रामजीलालजी ने जितना जीवन जीया वह केवल अग्रवाल सभा के लिए ही नहीं, अन्य समाजों के लिए भी प्रेरक बना रहा। एक व्यक्ति अपने जीवन में परिवार सहित समाज के कल्याण की खातिर किस हद तक सोच सकता है वे इसका अतुलनीय उदाहरण थे। सही मायनों में अनथक कर्म योगी। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान उन्हें वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक के रूप में पहचानता था।

अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक तो वे थे ही। इन सबके पहले एक विशाल कुटुम्ब को संभालने वाले आदर्श परिवार के मुखिया भी थे। श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, राजधानी के सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ बृजमोहन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल के वे पिता और श्री विष्णु अग्रवाल के बड़े भाई, पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल के चाचा, एवं देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल के ताऊजी थे।

रामजीलाल अग्रवालजी से जो कोई एक बार मिल ले तो उन्हें भूलता नहीं था। ता-उम्र शुभ वस्त्रों में रहे। गांधी टोपी उनकी सुगठित कदकाठी को अधिक सम्मोहक बनाती थी। उनका जीवन संघर्षों की मिसाल था तो सफलता का भी सुंदर प्रतीक था। सक्रियता के दौर तक उन्होंने भरपूर जीवन जीया और दूसरों को प्रेरणा देते रहे। कैसी भी परिस्थितियाँ क्यों न रही हों, व्यक्ति को सदैव अपना आत्मविश्वास बनाये रखना चाहिए। जीवन में दुःख और निराशा को वे पानी का बुलबुला कहते थे जो टिकता नहीं। प्रत्येक आगंतुकों के लिए सदैव मुस्कुराते हुए उपलब्ध रहना वैसा गुण आज के समय में दिखाई नहीं देता! अपनी सक्रियता के दिनों में वे हरेक के लिए उपलब्ध रहा करते थे। उनसे कोई कभी भी मिल सकता था। आगंतुकों की उम्मीदों को यथा संभव पूरा करने की सकारात्मकता ऐसी कि कोई भी मुग्ध हो जाए। स्वास्थगत समस्याओं से जूझने के दौरान भी व्हील चेयर पर बैठे रहते और स्वयं से मिलने वालों को इशारों से भोजन का आग्रह करते जाते थे - जिसके लिए उनका प्रायः सभी कौतुक करते थे।



इधर दो वर्षों से, जब से वे उम्र की चुनौतियों से जूझ रहे थे उसके पहले उन्हें खाली बैठे हुए कभी देखा नहीं जाता था। यदि कुछ न कर रहे हों, तब भी व्यस्त रहना उनकी जीवन शैली थी। दिनचर्या रात 11 बजे बिस्तर पर जाते समय तक निर्बाध चलती जाती। पहट के 4.30 बजे या 5.00 बजे तक किसी भी परिस्थितियों में बिस्तर छोड़ देने की आदत हमेशा बनाए रखीं। इसके बाद गौ-सेवा से दिन का आरंभ होता था।

आज अग्रवाल समाज यदि वृहद पैमाने पर सक्रिय और एकजुट है तो इसमें उनका योगदान और समर्पण एक बड़ा कारण है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय अनेक जिलों की भरपूर यात्राएँ वे किया करते थे। कारण होता था समाज के प्रत्येक आम-ओ-खास को अग्रसेन जयंती उत्सव हेतु प्रेरित करना। इसके पीछे उनका मानना था कि भागीदारी से ही समाज एकजुट होता है। कालांतर में वे इस बात से प्रसन्न होते थे कि जो बिरवा कभी अपने साथियों के साथ उस काल में रोपा था वह आज आदर्श और अनुकरणीय ऊंचाइयाँ छू रहा है। नए लोगों को यह तथ्य पता न होगा कि विवाह के तुरंत बाद पैतृक ग्राम टीबाबसई ( राजस्थान ) से उन्हें रायपुर आने का अवसर मिला। सन 1951 का साल था वह और देश आजाद हुए 3 साल ही बीते थे। जब आए तो रामसागरपारा में ही अपने व्यवसायिक स्वप्न पूरा करने में जुट गए। सामाजिक गतिविधियों से उनका जुड़ाव शुरू हुआ 1969 के दौरान।

### समाज बिखरा और बेतरतीब क्यों है?

यह सवाल उन्हें चुभता जाता था। हालांकि 1961 से ही उनकी दिलचस्पी सामाजिक मामलों को लेकर जाग गई थी। स्व. बिशम्भर दयाल अग्रवाल, स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल आदि उस दौर के वे बड़े नाम थे जिनके साथ काम करने का सिलसिला शुरू हुआ। नौजवान होते हुए भी उनके इरादों में छिपी समाज के लिए कुछ कर गुजरने की तड़फ उभरने लगी थी। उस दौर में रायपुर शहर में आयोजित एक बड़ा परिचय सम्मेलन समाज सेवा की ओर खुलने वाला उनका पहला बड़ा क़दम था। तब समाज के भीतर इस बात को ठीक तरह से बिठाना कि 'सामूहिक विवाह में ही भला है!' एक कठिन काम था। इसी प्रकार मितव्ययिता के लिए उस दौर में प्रेरित करना भी कितना मुश्किल रहा होगा समझना आसान है। उनकी कामयाबी और सफलता का असर उनके समूचे खानदान और तीसरी , चौथी पीढ़ी तक फैला हुआ दिखाई देता है। लेकिन पीछे मुड़कर देखा जाए तो उनकी संघर्ष गाथा अपने आप में एक मिसाल बनकर सामने आती है।

वे समाज में अनेक-अनेक पदों पर वे रहे। जैसे- मध्यप्रदेश अग्रवाल सभा का उपाध्यक्ष पद 1991 से 2003 तक और अग्रवाल सभा में अध्यक्ष दायित्व उन्होंने 4 बार उठाया। तीन मर्तबा तो सर्वसम्मति से उनका नाम तय हुआ और एक मर्तबा लोकतांत्रिक ढंग से यानी जीतकर आये। उस चुनाव को पुराने हमराही आज भी रामजीलाल अग्रवाल के जीवन के दुर्लभतम उदाहरणों में रखकर याद करते हैं। कारण था "हारा हुआ प्रतिद्वंदी भी अपना ही भाई है!" यह सोचकर उसे तत्काल रामजीलाल जी ने गले से लगाकर संदेश दिया कि समाज को बिखरने से बचाये रखना है।

महावीर गौशाला के साथ तो उनका नाता रहा। 1967 से गौशाला जाने का प्रारंभ किया। गौशाला का दायित्व अध्यक्ष के रूप में 1988 से संभालना आरंभ किया। बाद में अनेक साल उन्हें यह जिम्मेदारी उठानी पड़ी। गौ सुरक्षा की दृष्टि से भी उनका कार्यकाल बहुतेरी योजनाओं के लिए लोकप्रिय रहा। मसलन शेड, पानी और हरा चारा की भरपूर व्यवस्था। गौशाला में आम भागीदारी बढ़े इस दिशा में सोचने वाले भी वे ही कहलाए। यदि सामाजिक जिम्मेदारियों की ही बात की जाए तो अग्रवाल सभा रायपुर में संरक्षक, छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल महासभा में अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन में सलाहकार की हैसियत से भी काम किया, करवाया। पदों को लेकर उनका अपना दृष्टिकोण भी उनकी खुली दृष्टि को बयान करता था जैसे कि प्रायः कहते थे कि "अध्यक्ष जैसे पद उनकी नजर में सिर्फ नाम के लिए होते हैं, वरना काम तो सभी को करना पड़ता है। उनकी लगन और क्षमता ने उन्हें और भी संस्थाओं, संस्थानों से जोड़ा। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय , रायपुर ने उन्हें 1991 में कार्यकारिणी के रूप में भी गौरवान्वित किया।

उनके जीवन का लंबा समय समाज के साथ गुजरा। लेकिन जैसे कल की बात हो। आँखों के सामने वह बीता दौर रह-रह कर घूमने लगता है। कैसे एक-एक ईंट जोड़कर समाज को मजबूत करने की कोशिश उन्होंने की थी। संगठन जैसा आधार उस समय विकसित नहीं था, लेकिन नजरें लक्ष्य पर थीं और पीछे हटना या परिस्थितियों से हार जाना मंजूर नहीं रहा। खुली आँखों से सपने देखें जो पूरे होते गये। इसे उनकी कार्यशैली ही कहें कि प्रतिष्ठा और सम्मान भी निरंतर पाया।

तत्कालीन उप राष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला और गुजरात के राज्यपाल से भी सम्मानित हुए। बतौर गौ-सेवक छत्तीसगढ़ राज्य ने भी उन्हें ( राज्य अलंकरण ) सम्मानित किया। उन्होंने अपने लम्बे अनुशासित जीवन के कुछ मूल मंत्र बना रखे थे। उस दौर में छोटे-मोटे मतभेद तो होते ही थे बावजूद मतभेदों को मनभेद नहीं बनने दिया और विरोधियों के प्रति भी स्नेह भाव रखा। वास्तविक अर्थों में वे विशाल कुटुम्ब छोड़ गए हैं। सभी संतानें भी सफल सामाजिक, व्यवसायिक जीवन में भी व्यस्त हैं। जीवन में अच्छा आहार, अच्छा ज्ञान, अच्छी संगत मिलें तो नौजवानों से बेहतर नतीजा प्राप्त किया जा सकता है। इस ध्येय वाक्य के साथ अपने समस्त जीवनकाल में पथ प्रदर्शक की हैसियत से ऊर्जा देते रहे।

धूप-छांव से भरी हुई इस खूबसूरत, लेकिन ( उन्हीं के शब्दों को दोहराएं तो ) "श्रम से भरी हुई अपनी इस गहरी यात्रा को जब भी पीछे मुड़कर देखता था तो संतोष का यही धन मुझे अपनी जमा पूंजी नज़र आता रहा।"

# डिफेंस म्यूचुअल फंड ने तीन महीने में दिया 54% तक का रिटर्न

- ऑपरेशन सिंदूर के चलते निवेशकों की बन रहे पहली पसंद
- भारत का डिफेंस सेक्टर अब पहला फोकस बनता जा रहा
- डिफेंस सेक्टर के शेयरों में खूब तेजी, म्यूचुअल फंड भी कर रहे बेहतरीन प्रदर्शन
- म्यूचुअल फंड ने 1 महीने में 27% तक रिटर्न दिए



बिजनेस डेस्क

'ऑपरेशन सिंदूर' ने एक बार फिर दुनियाभर को भारत के डिफेंस सेक्टर की ताकत दिखा दी है। भारतीय मिसाइलों ने जिस तरह से पाकिस्तान में दहशत पैदा की है, उससे ब्रम्होस जैसे देश में बनने वाले हथियारों की ताकत को दिखाया है। इसका नतीजा यह है कि भारत का डिफेंस सेक्टर अब निवेशकों का पहला फोकस बन गया है। डिफेंस सेक्टर के शेयरों में खूब तेजी है, तो डिफेंस म्यूचुअल फंड का प्रदर्शन भी बेहतरीन दिख रहा है। इन फंड्स का औसत रिटर्न, ब्रॉडर इक्विटी मार्केट से काफी बेहतर है, वहीं शॉर्ट टर्म में दूसरे अन्य सेक्टोरल फंड के मुकाबले भी ज्यादा है।

## म्यूचुअल फंड्स में जोरदार तेजी

भारतीय डिफेंस सेक्टर पर केंद्रित म्यूचुअल फंड्स में जोरदार तेजी देखी जा रही है। इस सेक्टर पर आधारित म्यूचुअल फंड ने जहां 1 महीने में 27 फीसदी, 3 महीने में 54 फीसदी तक रिटर्न दिए हैं, वहीं इनमें 6 महीने का रिटर्न 38 फीसदी तक हो गया है। खास बात है कि इनमें से ज्यादातर म्यूचुअल फंड 1 साल के अंदर लॉन्च किए गए हैं, जिससे यह बात साफ होती है कि इस सेक्टर की ओर म्यूचुअल फंड भी आकर्षित हो रहे हैं, वहीं हाल की घटनाओं के बाद निवेशक की पहली पसंद बन गया है।

## 3 महीने में डिफेंस फंड का प्रदर्शन

- ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ एफओएफ : 53.82%
- मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स : 53.19%
- मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ : 53.12%
- एबीएसएल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स : 52.92%
- ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ : 52.82%
- एचडीएफसी डिफेंस फंड : 38.44%

## 6 महीने में डिफेंस फंड का प्रदर्शन

- ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ एफओएफ : 37.94%
- मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स : 37.82%
- मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ : 37.78%
- ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ : 37.46%
- एबीएसएल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स : 37.15%
- एचडीएफसी डिफेंस फंड : 16.86%

## 1 महीने में डिफेंस फंड का प्रदर्शन

- ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ एफओएफ : 27.09%
- मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स : 26%
- मोतीलाल ओसवाल निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ : 26%
- एबीएसएल निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स : 26%
- ग्रो निफ्टी इंडिया डिफेंस ईटीएफ : 26%
- एचडीएफसी डिफेंस फंड : 18%

## डिफेंस स्टॉक्स में रैली जारी

डिफेंस सेक्टर में निवेशकों का भरोसा और इंटरेस्ट तेजी से बढ़ रहा है, जिससे स्टॉक्स और इंडेक्स दोनों में मजबूत प्रदर्शन हो रहा है। इस सेक्टर में जारी तेजी ने लिस्टेड डिफेंस कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन को बड़ा बूस्ट दिया है। 18 लिस्टेड कंपनियों का कंबाइंड मार्केट कैप अब 11.23 लाख करोड़ रुपये पर है। यह फरवरी के लो लेवल 6.95 लाख करोड़ रुपये से करीब 50 फीसदी ग्रोथ है। मार्च में निफ्टी डिफेंस इंडेक्स में करीब 25 फीसदी, अप्रैल में 11.50 फीसदी और मई में अब तक करीब 9 फीसदी की मजबूती आई है. मझगांव डॉक, कोचिन शिपयार्ड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, पारस डिफेंस, गार्डेन रिच शिपबिल्डर्स, एमटीएआर टेक, डाटा पैटर्न, मिश्रा धातु निगम, जेन टेक और स्पेस टेक्नोलॉजीज जैसे स्टॉक का प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है।

## डिफेंस सेक्टर में निवेश के फायदे

- **स्थिर मांग :** डिफेंस सेक्टर में मांग स्थिर रहती है, क्योंकि सरकारें हमेशा अपनी सैन्य क्षमताओं को मजबूत बनाने के लिए निवेश करती रहती हैं।
- **लंबी अवधि का निवेश :** डिफेंस सेक्टर में निवेश लंबी अवधि के लिए उपयुक्त हो सकता है, क्योंकि इसमें अक्सर बड़े पैमाने पर परियोजनाएं और अनुबंध शामिल होते हैं।
- **सरकारी समर्थन :** डिफेंस सेक्टर में सरकारी समर्थन अक्सर अधिक होता है, जो निवेशकों के लिए एक सुरक्षित विकल्प प्रदान कर सकता है।

## डिफेंस सेक्टर में निवेश के नुकसान

- **नियामक जोखिम :** डिफेंस सेक्टर में नियामक जोखिम अधिक हो सकता है, क्योंकि सरकारें अक्सर नीतियों और नियमों में बदलाव करती रहती हैं।
- **जोखिम और अनिश्चितता :** डिफेंस सेक्टर में जोखिम और अनिश्चितता अधिक हो सकती है, खासकर जब नए उत्पादों या प्रौद्योगिकियों को विकसित करने की बात आती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** डिफेंस सेक्टर में प्रतिस्पर्धा अधिक हो सकती है, खासकर जब बड़ी कंपनियां शामिल होती हैं।

## डिफेंस सेक्टर में निवेश के विकल्प

- **डिफेंस स्टॉक्स:** डिफेंस स्टॉक्स में निवेश करना एक विकल्प हो सकता है, खासकर उन कंपनियों में जो डिफेंस सेक्टर में विशेषज्ञता रखती हैं।
- **डिफेंस म्यूचुअल फंड:** डिफेंस म्यूचुअल फंड में निवेश करना एक अन्य विकल्प हो सकता है, जो डिफेंस सेक्टर में विविध पोर्टफोलियो प्रदान करते हैं।
- **प्राइवेट इक्विटी:** प्राइवेट इक्विटी फंड जो डिफेंस सेक्टर में निवेश करते हैं, एक अन्य विकल्प हो सकता है, जो उच्च जोखिम और उच्च रिटर्न की संभावना प्रदान करते हैं।
- **अंततः**, डिफेंस सेक्टर में निवेश करने से पहले अपने निवेश लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता, और वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है।

# घूमने फिरने के शौकीन हैं तो शुरू कर लें ट्रैवल एसआईपी

- म्यूचुअल फंड से पूरा कर सकते हैं अपने ड्रीम वेकेशन का पूरा खर्च
- अपनी पसंदीदा जगह पर छुट्टी मनाने की योजना बनाने का पहला कदम
- हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा बचाकर अपनी वित्तीय योजना बनाना जरूरी
- आपके घूमने फिरने पर आने वाला खर्च आपके लिए टेंशन नहीं बनेगा
- ट्रैवल के लिए एसआईपी बेहतरीन तरीका, यात्राओं के लिए जोड़ सकते हैं पैसे और कर सकते हैं घूमने का सपना पूरा, नहीं होगी कोई परेशानी

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी घूमने फिरने के शौकीन हैं या गर्मी की छुट्टियों में कहीं घूमने का प्लान कर रहे हैं तो ट्रैवल एसआईपी आपके लिए सबसे बेहतरीन प्लान हो सकता है। इससे आपको अपने घूमने फिरने की चिंता नहीं रहेगी। आसानी से अपना खर्च मैनेज कर सकेंगे। जैसे ही गर्मी की छुट्टियां शुरू होती हैं, लोगों में घूमने फिरने (ट्रैवल करने) का ट्रेंड बढ़ जाता है, चाहे देश के अंदर घूमना फिरना हो या विदेश जाकर छुट्टियां मनाना। घूमने-फिरने का शौक पूरी तरह से लौट आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ 2024 के पहले छह महीनों में ही 1.5 करोड़ भारतीय विदेश यात्रा पर गए, जो पिछले साल के समान अवधि मुकाबले 14% ज्यादा है और इस दौरान उन्होंने घूमने फिरने पर कुल 2.83 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। लेकिन अपने सपनों की जगह पर छुट्टियां मनाने जाना सस्ता नहीं होता, सिर्फ पहाड़ों की अकेले ट्रिप का खर्च 1 लाख रुपये तक हो सकता है, जबकि यूरोप में 12 दिनों के लिए कपल टूर की शुरुआत 6 से 7 लाख रुपये (जिसमें हवाई टिकट भी शामिल है) से होती है। तो इसका उपाय क्या है?



## समझदारी से करें प्लानिंग

यदि घूमने के लिए जाना है तो समझदारी से प्लानिंग करना, सही बजट बनाना और अपनी वित्तीय स्थिति को अपनी यात्रा की ख्वाहिशों (इच्छा) के साथ जोड़ना यानी सही कदम उठाकर आप बिना किसी आर्थिक तनाव के पूरी दुनिया घूम सकते हैं। जानकारों का कहना है कि अपनी पसंदीदा जगह पर छुट्टी मनाने की योजना बनाने का पहला कदम है हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा बचाकर अपनी वित्तीय योजना बनाना, ताकि आपके घूमने फिरने पर आने वाला खर्च आपके लिए टेंशन न बने। आप यह काम कुछ चुनी हुई म्यूचुअल फंड स्कीम्स में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको ऐसी ही कुछ जानकारी देंगे जो आपके धुमंतू स्टाइल को बिना किसी चिंता के चमका देंगी।

## शॉर्ट-टर्म लक्ष्य के लिए लिक्विड फंड्स

अगर आपकी यात्रा की योजना अगले एक साल के अंदर की है, तो लिक्विड फंड के बारे में विचार करें। ये फंड आपके सेविंग्स अकाउंट से ज्यादा रिटर्न दे सकते हैं, साथ ही इनमें से पैसा निकालना आसान (हाई लिक्विडिटी) होता है और जोखिम भी कम होता है। उदाहरण के लिए, अगर आप 1 लाख रुपये के बजट की मानसून रिट्रीट प्लान कर रहे हैं, तो लिक्विड फंड या आर्बिट्रेज फंड में निवेश करके आप अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं और आपकी रकम आसानी से उपलब्ध रहेगी। जहां सेविंग्स अकाउंट में आपको सालाना सिर्फ 1.75% तक ब्याज मिल सकता है, वहीं लिक्विड फंड्स में कंपाउंडिंग के जरिए आप इसे बढ़ाकर 6% तक रिटर्न हासिल कर सकते हैं। अगर आप थोड़ा और समझदारी से निवेश करें और आर्बिट्रेज फंड में लगाएं, तो आप साल भर में 7.5% तक रिटर्न कमा सकते हैं।

## ट्रैवल एसआईपी शुरू करें

ट्रैवल के लिए एसआईपी यह एक ऐसा बेहतरीन तरीका है, जिसमें आप अपनी यात्राओं के लिए पैसे बचा सकते हैं। चाहे आप देश के अंदर किसी छोटी जगह घूमने जा रहे हों या विदेश की लंबी यात्रा पर, एसआईपी आपको हर महीने थोड़ी-थोड़ी रकम निवेश करने की सुविधा देता है। ये पैसे धीरे-धीरे बढ़ते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि जब आपको अपनी यात्रा के लिए पैसों की जरूरत होगी, तो फंड तैयार रहेगा। उदाहरण के तौर पर, अगर आप 3 साल बाद अपने पार्टनर के साथ पेरिस घूमने की योजना बना रहे हैं और आपका बजट 5 से 6 लाख रुपये है, तो सालाना 13% रिटर्न मानते हुए, आपको हर महीने लगभग 12,000 रुपये की एसआईपी शुरू करनी होगी या फिर, आप 1.5 लाख रुपये का एकमुश्त निवेश करके अपनी मंथली

## लॉन्ग टर्म ट्रैवल प्लान के लिए इक्विटी फंड

क्या आप 5-10 साल में दुनिया घूमने या किसी शानदार क्रूज पर जाने की योजना बना रहे हैं? लॉन्ग टर्म ट्रैवल प्लान के लिए इक्विटी फंड सबसे बेहतर विकल्प हो सकते हैं, क्योंकि इनमें हाई रिटर्न मिलने की संभावना होती है। कंपाउंडिंग की ताकत से ये फंड आपको एक बड़ा फंड बनाने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आप हर महीने 10,000 रुपये किसी इक्विटी फंड में निवेश करते हैं और 12% सालाना रिटर्न की उम्मीद करते हैं, तो 10 सालों में आपके पास लगभग 20 लाख रुपये जमा हो सकते हैं, जो आपके ड्रीम वेकेशन के लिए काफी होंगे।

## सीजनल यात्रियों के लिए खास टिप्स

### सर्दियों की यात्राओं के लिए

जनवरी में एक एसआईपी शुरू करें जो अगले साल दिसंबर तक चले। 12 महीने की एसआईपी बैलेंस्ड या हाइब्रिड फंड में करें। यह आपके छुट्टी के खर्चों को पूरा करने में मदद करेगा। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड जैसे हाइब्रिड फंड आमतौर पर आर्बिट्रेज फंड की तुलना में बेहतर रिटर्न देते हैं।

### गर्मियों की छुट्टियों के लिए

पीक सीजन के खर्च को अच्छे से मैनेज करने के लिए 18 महीने पहले से निवेश शुरू करें। इसके लिए मल्टी एसेट फंड जैसे हाइब्रिड फंड का उपयोग करें। अगर आप 3-5 साल की अवधि के लिए निवेश कर सकते हैं, तो आप प्योर इक्विटी फंड पर भी विचार कर सकते हैं, जिसमें अच्छा रिटर्न देने की क्षमता होती है. ऐसे में लार्ज कैप फंड आपकी पहली पसंद होनी चाहिए।

*(डिसक्लेमर : यह जानकारी एक्सपर्ट के हवाले से दी है। बाजार में जोखिम होते हैं, इसलिए अपनी यात्रा के लक्ष्यों से मेल खाने वाली निवेश रणनीतियों के लिए किसी एम्फी रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर या म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर से सलाह लें।)*



# दस साल में 19 से 22% सालाना रिटर्न के साथ विनर बने ये 5 स्मॉलकैप फंड

- 10 साल में 10 इक्विटी फंड्स का रिटर्न सबसे ज्यादा
- इनमें से 5 स्कीम स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड्स की
- इस दौरान निवेशकों का पैसा 6 से 7.5 गुना तक बढ़ा
- इन स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की रेटिंग भी मजबूत

बिजनेस डेस्क

बीते 1 दशक यानी 10 साल की बात करें तो इक्विटी म्यूचुअल फंड में स्मॉलकैप कैटेगरी क्लीयर विनर साबित हुई है। 10 साल में जिन 10 इक्विटी फंड्स का रिटर्न सबसे ज्यादा है, उनमें से 50 फीसदी यानी 5 स्कीम स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड्स की हैं। इन 5 स्कीम ने लम्प सम निवेश पर 10 साल में 19 से 22 फीसदी सालाना की दर से रिटर्न दिया है। इनमें निवेशकों का पैसा 6 से 7.5 गुना तक बढ़ गया, वह भी सिर्फ 10 साल में। वहीं, एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के जरिए किए गए निवेश पर 20 से 24 फीसदी सालाना रिटर्न मिला है। 10 साल की अवधि में रिटर्न देने में डॉमिनेट करने वाले इन स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की रेटिंग भी मजबूत है। इन सभी स्कीम को 3 स्टार से 5 स्टार रेटिंग मिली हुई है। इनमें एसबीआई म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड और एक्सिस म्यूचुअल फंड की स्मॉलकैप स्कीम शामिल हैं। हम इस रिपोर्ट में 1 से नंबर 5 रही स्कीम की जानकारी देंगे।

## एचडीएफसी स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 3 स्टार
- एसेट्स : 30,880 करोड़ रुपये (30 अप्रैल, 2025)
- एक्सपेंस रेश्यो : 0.78% (30 अप्रैल, 2025)
- 10 साल में लम्प सम पर रिटर्न : 19.15% सालाना
- वन टाइम इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- 10 साल बाद निवेश की वैल्यू : 5,76,687 रुपये (5.77 लाख)
- कुल फायदा : 4,76,687 रुपये (4.77 लाख)

## एसआईपी का प्रदर्शन

- 10 साल में एसआईपी का एनुअलाइज्ड रिटर्न : 20.80%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- मंथली एसआईपी अमाउंट : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 13,00,000 रुपये
- 10 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 42,53,472 रुपये

## एक्सिस स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 3 स्टार
- एसेट्स : 23,318 करोड़ रुपये (30 अप्रैल, 2025)
- एक्सपेंस रेश्यो : 0.56% (30 अप्रैल, 2025)
- 10 साल में लम्प सम पर रिटर्न : 19.68% सालाना
- वन टाइम इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- 10 साल बाद निवेश की वैल्यू : 6,02,859 रुपये (6.03 लाख)
- कुल फायदा : 5,02,859 रुपये (5.03 लाख)

## एसआईपी का प्रदर्शन

- 10 साल में एसआईपी का एनुअलाइज्ड रिटर्न : 21.68%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- मंथली एसआईपी अमाउंट : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 13,00,000 रुपये
- 10 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 44,77,632 रुपये

## एसबीआई स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 3 स्टार
- एसेट्स : 31,790 करोड़ रुपये (30 अप्रैल, 2025)
- एक्सपेंस रेश्यो : 0.72% (30 अप्रैल, 2025)
- 10 साल में लम्प सम पर रिटर्न : 19.90% सालाना
- वन टाइम इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- 10 साल बाद निवेश की वैल्यू : 6,14,033 रुपये (6.14 लाख)
- कुल फायदा : 5,14,033 रुपये (5.14 लाख)

## एसआईपी का प्रदर्शन

- 10 साल में एसआईपी का एनुअलाइज्ड रिटर्न : 20.52%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- मंथली एसआईपी अमाउंट : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 13,00,000 रुपये
- 10 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 41,84,206 रुपये

## क्वांट स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 5 स्टार
- एसेट्स : 26,222 करोड़ रुपये (30 अप्रैल, 2025)
- एक्सपेंस रेश्यो : 0.68% (30 अप्रैल, 2025)
- 10 साल में लम्प सम पर रिटर्न : 20.29% सालाना
- वन टाइम इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- 10 साल बाद निवेश की वैल्यू : 6,34,301 रुपये (6.34 लाख)
- कुल फायदा : 5,34,301 रुपये (5.34 लाख)

## एसआईपी का प्रदर्शन

- 10 साल में एसआईपी का एनुअलाइज्ड रिटर्न : 24.98%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- मंथली एसआईपी अमाउंट : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 13,00,000 रुपये
- 10 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 54,33,614 रुपये

## निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप फंड

- रेटिंग : 4 स्टार
- एसेट्स : 58,029 करोड़ रुपये (30 अप्रैल, 2025)
- एक्सपेंस रेश्यो : 0.68% (30 अप्रैल, 2025)
- 10 साल में लम्प सम पर रिटर्न : 22.27% सालाना
- वन टाइम इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- 10 साल बाद निवेश की वैल्यू : 7,46,791 रुपये (7.47 लाख)
- कुल फायदा : 6,46,791 रुपये (6.47 लाख)

## एसआईपी का प्रदर्शन

- 10 साल में एसआईपी का एनुअलाइज्ड रिटर्न : 23.96%
- अपफ्रंट इन्वेस्टमेंट : 1,00,000 रुपये
- मंथली एसआईपी अमाउंट : 10,000 रुपये
- 10 साल में कुल निवेश : 13,00,000 रुपये
- 10 साल बाद एसआईपी की वैल्यू : 51,18,853 रुपये

# इक्विटी में घट रहा निवेश तो डेट और हाइब्रिड फंड्स में बढ़ रहा

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में इन दिनों मंदड़ियों का ही राज है। इस वजह से म्यूचुअल फंड के निवेशकों ने भी पहले की तरह से खुले हाथ से पैसा लगाना कम कर दिया है। तभी तो बीते महीने यानी अप्रैल 2025 के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश थोड़ा कम हुआ है। बीते अप्रैल में इक्विटी म्यूचुअल फंड में 24,269 करोड़ रुपये का निवेश आया, जबकि एक महीने पहले यानी मार्च 2025 यह आंकड़ा 25,082 करोड़ रुपये का था।एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में मार्च के मुकाबले लगभग 3% की गिरावट आई है। लोग अब इक्विटी फंड से ज्यादा, डेट म्यूचुअल फंड में पैसा लगा रहे हैं। बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में 2.19 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। जबकि इस साल मार्च में 2.02 लाख करोड़ रुपये निकाले गए थे। अप्रैल में इसमें यह एक बड़ा बदलाव आया है।

## ईएलएसएस का जलवा खत्म!

आप जानते ही होंगे कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में कई तरह की कैटेगरी होती हैं। इनमें से 11 कैटेगरी में से ईएलएसएस फंड्स को छोड़कर बाकी सभी में अप्रैल महीने के दौरान उल्लेखनीय निवेश आया। फ्लेक्सी-कैप फंड्स निवेशकों की पहली पसंद बने रहे। इनमें सबसे ज्यादा, 5,541 करोड़ रुपये का निवेश आया। हालांकि, ये मार्च के 5,615 करोड़ रुपये से थोड़ा कम था। स्मॉल-कैप फंड्स दूसरे नंबर पर रहे। इनमें लगभग 4,000 करोड़ रुपये का निवेश आया।

## ये हैं तेज बढ़ते फंड्स

बीते अप्रैल महीने के दौरान सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में निवेश बहुत तेजी से बढ़ा। अप्रैल में इनमें 2,000 करोड़ रुपये का निवेश आया, जबकि मार्च में ये सिर्फ 170 करोड़ रुपये आया था। वहीं, ईएलएसएस फंड्स से अप्रैल में 372 करोड़ रुपये निकाले गए। जबकि मार्च में इसमें 735 करोड़ रुपये का निवेश आया था। पिछले साल अप्रैल 2024 में भी इससे 144 करोड़ रुपये निकाले गए थे।

## डेट फंड का बढ़ा वैल्यू

डेट म्यूचुअल फंड्स की 16 कैटेगरी में से 12 में निवेश आया। लिक्विड फंड्स में सबसे ज्यादा निवेश आया। अप्रैल में लिक्विड फंड्स में 1.18 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया, जबकि मार्च में इससे 1.33 लाख करोड़ रुपये निकाले गए थे। यह एक बड़ा बदलाव है।

## कम अवधि के फंड में क्या?

मनी मार्केट फंड्स और अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन फंड्स में भी अच्छा निवेश आया। इनमें अप्रैल में क्रमशः 31,507 करोड़ रुपये और 26,733 करोड़ रुपये का निवेश आया। डेट फंड्स की चार कैटेगरी ऐसी रहीं जिनसे अप्रैल में पैसा निकाला गया। इनमें गिल्ट फंड्स से सबसे ज्यादा, 425 करोड़ रुपये निकाले गए। इसके बाद क्रेडिट रिस्क फंड्स से 301 करोड़ रुपये निकाले गए। डायनेमिक बॉन्ड फंड्स से सबसे कम, 10.23 करोड़ रुपये निकाले गए। मार्च में इससे 372 करोड़ रुपये निकाले गए थे, जिसके मुकाबले ये बहुत बेहतर है।



## हाइब्रिड फंड्स में भी बढ़ा निवेश

हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स में अप्रैल में 14,247 करोड़ रुपये का निवेश आया। जबकि मार्च में इससे 946 करोड़ रुपये निकाले गए थे। हाइब्रिड फंड्स की छह कैटेगरी में से डायनेमिक एसेट एलोकेशन, मल्टी-एसेट एलोकेशन और आर्बिट्राज फंड्स में पॉजिटिव फ्लो देखने को मिला। आर्बिट्राज फंड्स में सबसे ज्यादा, 11,790 करोड़ रुपये का निवेश आया। जबकि मार्च में इससे 2,854 करोड़ रुपये निकाले गए थे। मल्टी-एसेट एलोकेशन और डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड्स में क्रमशः 2,105 करोड़ रुपये और 881 करोड़ रुपये का निवेश आया।

## इन फंड्स से निकाले गए पैसे

इस महीने कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड्स, एग्रेसिव हाइब्रिड फंड्स और इक्विटी सेविंग्स फंड्स से क्रमशः 236 करोड़ रुपये, 151 करोड़ रुपये और 141 करोड़ रुपये निकाले गए। दूसरे स्कीम्स, जिनमें इंडेक्स फंड्स और ईटीएफएस शामिल हैं, में भी निवेश 43% बढ़ा। अप्रैल में इस कैटेगरी में 20,229 करोड़ रुपये का निवेश आया, जबकि मार्च में ये 14,48 करोड़ रुपये था।

## डेट फंड्स

डेट फंड्स वे म्यूचुअल फंड्स हैं जो मुख्य रूप से डेट सिक्योरिटीज में निवेश करते हैं, जैसे कि बॉन्ड, डिबेंचर, और सरकारी सिक्योरिटीज। डेट फंड्स का उद्देश्य नियमित आय और पूंजी की सुरक्षा प्रदान करना है।

## डेट फंड्स के फायदे

- नियमित आय: डेट फंड्स नियमित आय प्रदान कर सकते हैं।
- कम जोखिम: डेट फंड्स आमतौर पर इक्विटी फंड्स की तुलना में कम जोखिम वाले होते हैं।
- पूंजी की सुरक्षा: डेट फंड्स का उद्देश्य पूंजी की सुरक्षा करना है।

## हाइब्रिड फंड्स

हाइब्रिड फंड्स वे म्यूचुअल फंड्स हैं जो इक्विटी और डेट दोनों में निवेश करते हैं। हाइब्रिड फंड्स का उद्देश्य इक्विटी के उच्च रिटर्न और डेट की सुरक्षा दोनों को प्रदान करना है।

## हाइब्रिड फंड्स के फायदे


- विविधीकरण: हाइब्रिड फंड्स इक्विटी और डेट दोनों में निवेश करके विविधीकरण प्रदान करते हैं।
- जोखिम प्रबंधन: हाइब्रिड फंड्स जोखिम प्रबंधन में मदद कर सकते हैं।
- नियमित आय और पूंजी प्रशंसा: हाइब्रिड फंड्स नियमित आय और पूंजी प्रशंसा दोनों प्रदान कर सकते हैं।
- इन दोनों प्रकार के फंड्स में निवेश करने से पहले, अपने निवेश लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता, और वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है।

# मुकुल देव दुनिया से अलविदा, पायलट का सपना छोड़कर फिल्मों में की थी एंट्री...

*बॉलीवुड से एक दिलदुखाने वाली खबर सामने आई है। अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले एक्टर मुकुल देव ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। एक्टर मुकुल देव ने 54 साल की उम्र में अपनी अंतिम सांस ली है। मुकुल देव कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। मुकुल का जन्म 17 सितंबर 1970 को दिल्ली में एक पंजाबी परिवार में हुआ था। आइए जानते हैं एक्टर के फिल्मी करियर के बारे में कैसे वो अपनी नौकरी छोड़कर बॉलीवुड में आए थे। भले अपनी पहली फिल्म से फैंस के बीच मुकुल छाए हों लेकिन इसके बाद बॉलीवुड में टिकना उनके लिए काफी मुश्किल रहा था।*

## फिल्म इंडस्ट्री में पसरा मातम, संजय और शाहिद के रहे जोड़ीदार

**मुंबई।** पहली फिल्म के बाद उनकी फिल्में जैसे किला, वजूद, और मुझे मेरी बीवी से बचाओ बॉक्स ऑफिस पर नजर आईं लेकिन ये फिल्में ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई थीं पर उसके बाद उन्होंने जो कमबैक किया तो फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुकुल ने पायलट की अच्छी नौकरी छोड़कर फिल्मों में एंट्री की थी। जी हां फैंस को शायद ये ना ही पता हो कि मुकुल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से पायलट की ट्रेनिंग ली थी। असल में जिन्होंने पायलट बनने का सपना छोड़कर बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाई थी। फिल्मों में एंट्री करते ही वो रातोंरात स्टार बन गए थे।



### ऐसे हुई फिल्म व टीवी कॅरियर की शुरुआत

दिल्ली में जन्मे मुकुल ने 1996 में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। मुकुल ने 1996 में आई फिल्म दस्तक से बॉलीवुड में कदम रखा था। इस फिल्म में उनकी जोड़ी सुष्मिता सेन के साथ थी। वैसे फैंस को शायद ये ना पता हो कि दस्तक फिल्म से पहले वह टीवी शो मुमकिन में नजर आए थे। जी हां मुकुल टीवी के फेमस शो कहानी घर घर की में दिखाई दिए थे। इसके अलावा उन्होंने फियर फैक्टर के पहले सीजन के होस्ट करके हर किसी का दिल जीत लिया था।

### मुकुल का कमबैक रहा बड़ा जोरदार

वैसे अगर कहें कि मुकुल का कमबैक यमला पगला दीवाना फिल्म से हुआ तो शायद गलत नहीं होगा। जी हां यमला पगला दीवाना, सन ऑफ सरदार, और जय हो जैसी फिल्मों में सहायक किरदारों से नजर आ कर फैंस का दिल मुकुल ने फिर से जीत लिया था। मुकुल देव ने हिंदी के अलावा पंजाबी, बंगाली, और तेलुगु फिल्मों में भी एक्टिंग पेश की थी।

### बड़े सितारों के साथ किया काम

मुकुल देव ने अपने फिल्मी सफर में मुकुल देव ने कई बड़े स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उन्होंने संजय दत्त के साथ 'सन ऑफ सरदार' और शाहिद कपूर के साथ 'आरराजकुमार' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वे धर्मेंद्र, सनी देओल और बॉबी देओल के साथ कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी नजर आए। हिंदी के अन्य भाषाओं की भी 50 से ज्यादा फिल्मों और कई टीवी सीरियल्स में नजर आ चुके हैं।

### थे एक बहुमुखी कलाकार

मुकुल देव का करियर भले ही लीड हीरो के तौर पर ज्यादा न रहा हो, लेकिन उन्होंने खुद को एक बहुभाषी और वर्सेटाइल एक्टर के तौर पर साबित किया है। वे हर तरह के किरदार में ढल जाते थे फिर चाहे पुलिस अफसर हो, खलनायक या फिर कॉमेडी रोल। अपनी मेहनत और अभिनय के दम पर उन्होंने इंडस्ट्री में खास जगह बनाई। हालांकि, उनका यूं अचानक से चले जाना उनके फैंस और इंडस्ट्री के लोगों के लिए किसी बड़े सदमे से कम नहीं है. भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

### टीवी में किया था कमाल

भले आज मुकुल इस दुनिया को अलविदा कह चुके हों लेकिन फैंस उनकी एक्टिंग के हमेशा दीवाने रहेंगे।

**मुकुल की कुछ हिट फिल्में**

मुकुल देव की कुछ यादगार फिल्मों में 'दस्तक' (1996), 'वजूद' (1998), 'सन ऑफ सरदार' (2012), 'यमला पगला दीवाना' (2011) और 'आर...राजकुमार' (2013) शामिल हैं। इन सभी फिल्मों में उन्होंने भले ही को-एक्टर के तौर पर काम किया, लेकिन उन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचने में कोई कमी नहीं छोड़ी. खासकर 'यमला पगला दीवाना' में उनका मजाकिया अंदाज और डायलॉग्स बोलने का तरीका बहुत पॉपुलर हुआ था।

## हॉलीवुड मसाला




### 'स्क्विड गेम-3' का आया नया पोस्टर

**लॉस एंजिलस।** कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज स्क्विड गेम' के तीसरे सीजन का ऐलान पहले ही हो चुका है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में निर्माताओं ने 'सक्विड गेम 3' का टीजर जारी किया था, वहीं अब इस सीरीज का नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें ली जुंग जे और पार्क सुंग हून समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। आइए जानें आप यह वेब सीरीज कब और कहां देख पाएंगे। 'स्क्विड गेम 3' का प्रीमियर 27 जून, से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।




### किम ने 6 साल बाद पूरी की कानून की पढ़ाई...

**लॉस एंजिलस।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार और व्यवसायी किम कार्दशियन ने आखिरकार 6 साल की कठिन मेहनत के बाद लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है। किम ने यह डिग्री कैलिफोर्निया के 'लॉ ऑफिस स्टडी प्रोग्राम' से हासिल की है। बता दें कि साल 2021 में किम ने 'बेबी बार' परीक्षा पास की थी, जो कानून की पढ़ाई का पहला पड़ाव होता है। इसके बाद उन्होंने मल्टीस्टेट प्रोफेशनल रिस्पॉन्सिबिलिटी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पास कर लिया। किम ने इस उपलब्धि का जश्न अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक निजी समारोह में मनाया, जिसमें उनके बच्चों ने अभिनेत्री के पिता को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष पोशाक पहनी थी। किम ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कई झलकियां साझा की हैं।



## 'मेट्रो... इन दिनों' का पहला पोस्टर जारी


**मुंबई।** अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' की काफी समय से चर्चा हो रही है। इसमें पहली बार आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान की जोड़ी नजर आएगी, वहीं अनुपम खेर, नीना गुप्ता और पंकज त्रिपाठी भी फिल्म का हिस्सा हैं। अब 'मेट्रो... इन दिनों' का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसे प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ निर्माताओं ने बताया कि फिल्म के पहले गाने का टीजर 24 मई को सामने आ गया। टी-सीरीज ने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'हर सिग्नल एक कहानी बयां करता है। यह एक गाने से शुरू होता है। 'मेट्रो... इन दिनों' को 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, अली फजल, फातिमा सना शेख, शाश्वत चटर्जी, केके मेनन, शालीन भनोट और राहुल बोस जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।



## 'धुरंधर' से लीक हुआ रणवीर का लुक

**मुंबई।** अभिनेता रणवीर सिंह को पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा गया था, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते दिखे, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर उनकी यह फिल्म नहीं चली। अब रणवीर जल्द ही फिल्म 'धुरंधर' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान यामी गौतम के पति और निर्देशक आदित्य धर ने संभाली है। रणवीर इन दिनों मुंबई में फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब 'धुरंधर' से रणवीर का लुक लीक हो गया है। 'धुरंधर' से सेट से रणवीर का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें वह काले रंग का कुर्ता पायजामा पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके लंबे बाल और दाढ़ी-मूंछ ने प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया। 'धुरंधर' में रणवीर बेहद अलग अवतार में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



### अब तक किन सितारों ने संभाली है 'कौन बनेगा करोड़पति' की मेजबानी?


**मुंबई।** लोकप्रिय क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने जाने कितनों की किस्मत बदली है। इस शो ने कई लोगों को फर्श से अर्श तक पहुंचाया है। 'कौन बनेगा करोड़पति' के अब तक 16 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब प्रशंसक इस क्विज शो के नए सीजन का इंतजार रहे हैं। खबर है कि 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की मेजबानी सलमान खान करेंगे। आइए जानें 'कौन बनेगा करोड़पति' को आज तक किस-किस ने होस्ट किया है।

***अमिताभ बच्चन हैं इस शो की जान :*** 'कौन बनेगा करोड़पति' का जिक्र हो और अभिनेता अमिताभ बच्चन का नाम ना आए, ऐसा हो ही नहीं सकता। उन्होंने साल 2000 में शुरू हुए पहले सीजन से लेकर अब तक इस शो के केवल एक सीजन को छोड़कर सभी सीजन होस्ट किए हैं। अमिताभ की गंभीर आवाज, तजुर्बा और शालीनता ने इस शो को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचाया है। साल 2007 में 'KBC' के तीसरे सीजन को अमिताभ की बजाय शाहरुख खान ने होस्ट किया था।

***अमिताभ ने तीसरा सीजन क्यों नहीं किया होस्ट?:*** साल 2007 में 'कौन बनेगा करोड़पति' के तीसरे सीजन के दौरान अमिताभ की तबीयत थोड़ी खराब थी, जिसके चलते इस सीजन की मेजबानी किंग खान ने की। बिग बी के ना होने की वजह से उस वक्त शो की टीआरपी थोड़ी प्रभावित हुई, जिसके बाद चौथे सीजन में अमिताभ की वापसी हुई। अब खबर है कि 'कौन बनेगा करोड़पति 17' को सलमान होस्ट कर सकते हैं। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### करण ने किया रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' का ऐलान

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने अपने नए रियलिटी शो का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'द ट्रेटर्स' है। यह शो ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। 'द ट्रेटर्स' की रिलीज तारीख भी सामने आ गई है। इस शो को आप 12 जून से अमेजन प्राइम वीडियो पर देख पाएंगे। इसके साथ 'द ट्रेटर्स' का टीजर भी सामने आ गया है, जिसमें करण का एक अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। 'द ट्रेटर्स' की मेजबानी करण करने वाले हैं। अमेजन प्राइम वीडियो ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'दोस्ती के लिए आएं। धोखेबाजी के लिए रुकें।' करण की आगामी फिल्मों की बात करें वह जल्द ही फिल्म 'धड़क 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। यह फिल्म साल 2018 में आई 'धड़क' का सीक्वल है। इसके अलावा करण के पास फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' भी है।



## 'लुका छुपी 2' में वरुण धवन संग लड़ाएंगी इश्क, करेंगी रोमांस

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और कृति सैनन की फिल्म 'लुका छुपी' दर्शकों को बेहद पसंद आई थी, वहीं दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री ने भी दर्शकों का दिल जीत लिया था। अब हॉरर यूनिवर्स वाले दिनेश विजान अपनी फिल्म 'लुका छुपी' का सीक्वल बनाने वाले हैं, लेकिन नई फिल्म में न तो कार्तिक होंगे और न ही कृति। कार्तिक की जगह इसमें वरुण धवन ने ले ली है। वरुण के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ को सीक्वल में लिया गया है। मतलब यह कि कृति की जगह फिल्म में शरवरी ने ली है। वरुण और शरवरी दोनों ही मैडॉक फिल्म्स के हॉरर यूनिवर्स में शामिल रहे हैं। वरुण ने जहां इस यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया' में काम किया था, वहीं शरवरी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'मुंज्या' में नजर आई थीं। खास बात यह है कि उनकी इस फिल्म वरुण का कैमियो भी था। अब यह पहला मौका होगा, जब वरुण और शरवरी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। निर्माताओं को उम्मीद है कि कार्तिक-कृति की तरह वरुण-शरवरी की जोड़ी भी पर्दे पर धमाल मचाएगी। लक्ष्मण के निर्देशन में बनी पहली हिंदी फिल्म 'लुका छुपी' ही थी, जो साल 2019 में आई थी। लिव इन रिलेशनशिप पर बनी फिल्म 'लुका छुपी' में कॉमेडी का भरपूर डोज मिला था। ये फिल्म मनोरंजन करने के साथ-साथ कई मुद्दों पर हंसी मजाक में ही गंभीर चोट कर गई थी। फिल्म में अपारशक्ति खुराना के अभिनय को भी काफी सराहा गया था। 25 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था।



### दोनों ही कलाकार दे चुके हैं रजामंदी

दोनों ही कलाकार फिल्म का हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी दे चुके हैं। स्क्रिप्ट पर काम जारी है। पीपिंगमून के मुताबिक, निर्माता ने अपनी इस कॉमेडी फिल्म के सीक्वल पर काम शुरू कर दिया है और वह इसे फ्रैंचाइजी की शक्ल देने के लिए तैयार हैं। फिल्म में इस बार नए चेहरे देखने को मिलेंगे।

## कान्स 2025: रेड कार्पेट पर लाखों का बैग लिए दिखीं उर्वशी रौतेला

**मुंबई।** 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर भारतीय अभिनेत्री उर्वशी रौतेला लगातार अपना जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। अब उनका नया लुक सामने आ गया है, जिसकी इस वक्त हर ओर चर्चा हो रही है। इस बार रेड कार्पेट पर उर्वशी गोल्डन रंग का गाउन पहन पहुंचीं। इसके साथ वह हीरे का एक बिकनी के आकार का बैग लिए दिखीं, जिसने सबका ध्यान खींच लिया। अभिनेत्री के इस बैग की कीमत 5.31 लाख रुपये बताई जा रही है।

***लाखों का बैग रखतीं हैं उर्वशी :*** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उर्वशी का यह बैग लग्जरी ब्रांड जूडिथ लीबर का है और इसमें एक सोने की बिकनी टॉप वाला डिजाइन है। लगभग 5.31 लाख रुपये की कीमत वाले इस बैग में हीरे का काम किया हुआ है, जो इसे और आकर्षित बनाता है। इससे पहले उर्वशी एक क्रिस्टल तोता क्लच लिए भी रेड कार्पेट पर पहुंची थीं, जिसकी कीमत 4.60 लाख रुपये बताई गई। बता दें उर्वशी इससे पहले भी कान्स का हिस्सा बन चुकी हैं।



**रजनीकांत की 'कुली' 2025 की सबसे बड़ी तमिल फिल्मों में से एक माना जा रहा है**

## इस साल आ रहीं वार-2, ठग लाइफ और कुली जैसी जबरदस्त फिल्में

***मुंबई।** साल 2025 एक्शन फिल्मों के शौकीन ने के लिए खास होने वाला है, क्योंकि जल्द ही कई ऐसी फिल्में दर्शकों के बीच आने वाली है, जिनमें सितारे ताबड़तोड़ एक्शन करते दिखेंगे। ऋतिक रोशन से लेकर विजय देवरकोंडा तक की फिल्म इस फेहरिस्त में शामिल है। ये वो पैन इंडिया फिल्में हैं, जिन्हें बड़े स्तर पर बनाया गया है और जिनका इंतजार सिनेप्रेमी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं।*

**'वॉर 2':** 'वॉर 2' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर लीड रोल में हैं। दोनों ही फिल्म में एक्शन का जबरदस्त तड़का लगाने वाले हैं, जिसकी बानगी फिल्म के टीजर में दिख चुकी है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक्शन की भरमार होगी।कियारा आडवाणी फिल्म में ऋतिक के साथ इश्क फरमाती नजर आएंगी। 'वॉर 2' 2019 की ब्लॉकबस्टर 'वॉर' का सीक्वल है, जो 14 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी।



**'कुली' :** रजनीकांत फिल्म 'कुली' ला रहे हैं, जिसे 2025 की सबसे बड़ी तमिल फिल्मों में से एक माना जा रहा है। यह कई भाषाओं में रिलीज होगी और रजनीकांत फिल्म में हैरतअंगेज एक्शन करते दिखेंगे। 'कुली' का बजट 400 करोड़ रुपये है। इसमें आमिर खान का कैमियो है। अक्किनेनी नागार्जुन जैसे सुपरस्टार भी हैं। रजनीकांत को 'कुली' के लिए 260-280 करोड़ रुपये फीस मिली है। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी ये पैन इंडिया फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी।



**'ठग लाइफ' :** 'ठग लाइफ' एक एक्शन-ड्रामा फिल्म है और जॉनर के हिसाब से कमल हासन इसमें एक्शन करते नजर आएंगे। उनकी उम्र 70 साल है और वह इसमें अपने एक्शन भरे अंदाज से अपनी उम्र को भी मात देते दिखाई देंगे, जो इसके ट्रेलर में भी दिख चुका है। मणिरत्नम इस फिल्म के लेखक और निर्देशक हैं। अली फजल, तृषा कृष्णन समेत कई बड़े चेहरे इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'ठग लाइफ' आगामी 5 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



**'किंगडम' और 'अल्फा':** सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की पैन इंडिया एक्शन फिल्म 'किंगडम' के टीजर तक को 24 घंटे में करोड़ों व्यूज मिले थे। विजय अपने झन्नाटेदार एक्शन दृश्यों से दर्शकों का होश उड़ाने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म 4 जुलाई को रिलीज हो रही है। उधर आलिया भट्ट और शरवरी वाघ, यशराज फिल्म्स के महिला स्पाई यूनिवर्स की पहली फिल्म 'अल्फा' में एक्शन करती दिखेंगी, जिसके लिए उन्होंने 3 महीने की ट्रेनिंग भी ली है। ये फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होगी।






# पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि को दिशा देने वाले सिद्धांतों का किया उल्लंघन
## तकनीकी और जलवायु परिवर्तन से आए बदलावों से नई शर्तों पर करेंगे विचार

सिंधु जल संधि 'सद्भावना और मित्रता की भावना' पर आधारित है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद

विदेश मंत्रालय ने सिंधु जल संधि स्थगन को लेकर संसदीय समिति को जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के सिद्धांतों का उल्लंघन किया इसलिए भारत ने संधि को स्थगित करने का फैसला किया। मंत्रालय ने कहा है कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने का भारत का फैसला पाकिस्तान द्वारा समझौते को दिशा देने वाले दोस्ती और सद्भावना जैसे सिद्धांतों के उल्लंघन का स्वाभाविक नतीजा है। मंत्रालय ने समिति से कहा है कि इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियर के पिघलने सहित जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है।

मिसरी ने हाल ही में एक संसदीय समिति को पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित अन्य कार्रवाई के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सैन्य तनाव के बाद भारत के रुख को समझाने के लिए 33 देशों और यूरोपीय संघ का दौरा कर रहे सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से भी बात की थी।

### खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते

*मंत्रालय ने कहा कि संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह सद्भावना और दोस्ती की भावना पर आधारित है। पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों का प्रभावी रूप से उल्लंघन किया है। पाकिस्तान की ओर से सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद हमें संधि पर उसके प्रावधानों के अनुसार अमल करने से रोकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब जमीनी हालात पूरी तरह से बदल गए हों, तो संधि को स्थगित रखने का फैसला स्वाभाविक और भारत के अधिकार क्षेत्र में है।*

**नए सिरे से बातचीत जरूरी**

मंत्रालय ने कहा कि सिंधु जल संधि पर फिर से बातचीत किए जाने की जरूरत है, ताकि इसे 21वीं सदी के लिए उपयुक्त बनाया जा सके, क्योंकि यह 1950 और 1960 के दशक की इंजीनियरिंग तकनीकों पर आधारित है। मंत्रालय ने कहा कि अन्य प्रमुख बदलावों में जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियर का पिघलना, नदियों के पानी की मात्रा में आया बदलाव और जनसांख्यिकी शामिल हैं। इन कारकों के अलावा स्वच्छ ऊर्जा की चाह संधि के तहत अधिकारों और दायित्वों के निर्धारण पर नए सिरे से बातचीत को अनिवार्य बनाते हैं।

**भारत के अनुरोध को पाक ने ठुकराया**

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि 1960 की सिंधु जल संधि की प्रस्तावना में स्पष्ट किया गया है कि यह संधि 'सद्भावना और मित्रता की भावना' पर आधारित है। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों का प्रभावी रूप से उल्लंघन किया है। पाकिस्तान संधि पर हस्ताक्षर के बाद जमीनी हालात में आए बदलावों के मद्देनजर


### यूएन में भारत की दो टूक
## तीन युद्ध थोपकर पहले ही सिंधु जल समझौते का उल्लंघन कर चुका पाक



*न्यूयॉर्क। भारत ने सिंधु जल समझौते पर पाकिस्तान के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान पहले ही भारत पर तीन युद्ध थोपकर और हजारों आतंकी घटनाएं कर सिंधु जल समझौते की भावना का उल्लंघन कर चुका है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद की एरिया फार्मूला बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुद्दा संघर्ष में पानी की सुरक्षा था। इस बैठक में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने कहा कि 65 साल पहले भारत और पाकिस्तान के मध्य हुई सिंधु जल समझौता की प्रस्तावना में साफ लिखा गया है कि ये समझौता अच्छी भावना और दोस्ती के साथ किया गया, लेकिन पाकिस्तान ने बीते 65 वर्षों में इस भावना का साफ उल्लंघन किया और भारत के खिलाफ तीन युद्ध लड़े और हजारों आतंकी हमले किए। पी. हरीश ने कहा कि तकनीक बदल चुकी है और इसने बांध निर्माण के काम को भी बदल दिया है, जिससे बांधों की सुरक्षा और उनका संचालन बेहतर हुआ है। कई पुराने बांधों की सुरक्षा को खतरा है, लेकिन पाकिस्तान इन बांधों के निर्माण में किसी भी बदलाव का विरोध करता रहा है, जबकि संधि के तहत इसकी मंजूरी दी गई थी।*

### खबर संक्षेप

#### धोखाधड़ी करके भागा अंगद चंडोक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** भारत में धोखाधड़ी के आरोप में वांछित अंगद सिंह चंडोक को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक अभियान के तहत अमेरिका से प्रत्यर्पित कर यहां लाया गया। चंडोक को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जहां सीबीआई ने उसे हिरासत में लिया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। चंडोक को विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। चंडोक 2016 में परिवार संग यूएस भाग गया था।

#### पकड़ा गया गद्दार, पाक को भेजी थी जानकारी



**कच्छ।** देश के गद्दार में गुजरात के सहदेव सिंह गोहिल का नाम भी शामिल हो गया है। उस पर बीएसएफ और भारतीय नौसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान भेजने का आरोप है। गुजरात एटीएस एसपी के सिद्धार्थ ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि कच्छ के एक मल्टीपर्पस स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया है। वह वाट्सएप पर एक महिला के संपर्क में था जो पाक की एजेंट निकली।

### ऑपरेशन सिंदूर के महत्व को उजागर किया

## भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने जापान के कई राजनीतिक और सरकारी क्षेत्र के लोगों से की मुलाकात

# आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया

वैश्विक समुदाय भी आतंक के विरोध में एकजुट हो आतंकवादी हमले का दृढ़ और तीव्र जवाब देंगे

• भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यह स्पष्ट किया कि वह सीमापार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगा और वैश्विक समुदाय से भी इसी तरह की एकजुटता की अपेक्षा करता है

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जेडीयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में भारतीय सांसदों का एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जापान की राजधानी टोक्यो में भारतीय दूतावास (इंडिया हाउस) में जापान के राजनीतिक, सरकारी और शैक्षणिक क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने भारत की सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' (शून्य सहिष्णुता) नीति की जानकारी दी और ऑपरेशन सिंदूर के महत्व को उजागर किया। यह दौरा भारत के वैश्विक कूटनीतिक अभियान का हिस्सा है, पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सामने लाया जा रहा है। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी और बृज लाल, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) के राज्यसभा सांसद जॉन बरिटास और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल थे।



#### आतंकवाद बर्दाश्त नहीं

टोक्यो में सांसदों ने बताया कि भारत आतंकवाद के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करता और सभी दल राष्ट्रीय हित के मामलों में एकजुट हैं। इंडिया हाउस में आयोजित रात्रिभोज के दौरान भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और जापान के राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ भी चर्चा हुई, जिसमें भारत के एकीकृत और स्पष्ट रुख को सामने रखा गया। भारतीय सांसदों ने जापान-भारत संसदीय मैत्री लीग के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

#### आतंकवाद के विरुद्ध जापान ने दिया समर्थन

*इस बैठक में लीग के अध्यक्ष यासुतोशी निशिमुरा ने भारत के संकल्प को समर्थन दिया और आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों के साझा नजरिए को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल ने जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष फुकुशिरो नुकागा से भी भेंट की, जिन्होंने भारत के साथ एकजुटता जताई। इस दौरे के जरिए भारत ने यह स्पष्ट किया कि वह सीमापार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगा ।*

#### आतंकवाद पागल कुत्ता, पाक उसका हैंडलर: टीएमसी सांसद बेनर्जी



टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं और अब हमने वो भाषा सीख ली है, जिससे पाकिस्तान समझता है। अगर आतंकवाद एक पागल कुत्ता है तो पाक उसका हैंडलर है।

#### भारत का रास्ता, विश्व शांति का: कांग्रेस नेता खुर्शीद



कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि हमारा संकल्प आतंकवाद के खिलाफ और आतंकवाद को समाप्त करने का है। 1947 में दो रास्ते थे। पहले रास्ते में हमने तय किया कि हम सब मिल कर रहेंगे। किसी और ने सिर्फ धर्म के नाम पर देश बनाया। हमने जो रास्ता चुना है वही विश्व का रास्ता है।

#### आतंकियों के जनाजे में पाक सेना: सारंगी



भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के पीछे जो आतंकी संगठन टीआरएफ है, वह लश्कर ए तैयबा का छद्म संगठन है। हमले में मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारी दिखाई दिए। तस्वीरें झूठ नहीं बोलती हैं।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोले जयशंकर




## हमारा अभियान आतंकवाद के खिलाफ, हमें बचाव करने का हक

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने जर्मन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में बातचीत के दौरान कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हम आतंकवाद का जवाब दे रहे थे। हमें अपने देश और अपने लोगों का बचाव करने का हक है। उन्होंने कहा कि पहलगाम एक आतंकी हमला था, जो एक पैटर्न का हिस्सा है, जिसने न केवल जम्मू-कश्मीर बल्कि भारत के अन्य हिस्सों को भी निशाना बनाया है। इसका मकसद डर का माहौल बनाना और कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नष्ट करना था। इसका मकसद धार्मिक मतभेद पैदा करना था।

#### परमाणु ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा भारत

जयशंकर ने कहा कि भारत कभी भी आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और परमाणु धमकियों के सामने नहीं झुकेगा। उन्होंने यह बात शुक्रवार को जर्मन विदेश मंत्री जोहान वेडफुल के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कही। जयशंकर ने साफ किया कि भारत, पाकिस्तान से किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के बिना, केवल द्विपक्षीय रूप से ही निपटेगा और इस पर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी तरह कायम है।

#### आतंकवाद किसी देश को स्वीकार नहीं

जयशंकर ने कहा कि जब आतंकवाद की बात आती है, तो आज आमतौर पर कोई भी देश ऐसा नहीं है जो यह कहे कि जो कुछ हुआ, उसे वह स्वीकार करता है और उसकी निंदा नहीं करेगा। अगर मैं कहता हूं कि मुझे अपना, अपने देश और अपने लोगों का बचाव करने का अधिकार है तो मेरे देश की सुरक्षा के लिए दुनिया के ज्यादातर लोग मुझसे सहमत होंगे। हमले की बहुत पहले की गई निंदा के लिए सभी के आभारी हैं। 7 मई को और आज फिर मंत्री वेडफुल से हमें जो स्पष्ट संदेश मिला है कि जर्मनी भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देता है।

### रूस के फाइबर-ऑप्टिक ड्रोन का धमाल
## युद्ध में पलट रहे पासा, यूक्रेन को दे रहे 'झटके पर झटका'



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का नया खतरा अब फाइबर-ऑप्टिक ड्रोन के रूप में सामने आए हैं। ये ड्रोन पुराने वायरलेस मॉडल से बिल्कुल अलग हैं, क्योंकि इन्हें नियंत्रित करने के लिए बेहद पतले फाइबर-ऑप्टिक केबल का इस्तेमाल होता है।

जो रेडियो सिग्नल जैमिंग तकनीक को बेअसर कर देता है। रूस के ये जैम-प्रूफ ड्रोन युद्ध में पासा पलट रहे हैं और यूक्रेनी सेना इन्हें काउंटर करने में लगातार नाकाम हो रही है।

#### रूस ने कीव पर भीषण हमला किया

*रूस ने यूक्रेन की राजधानी पर शुक्रवार रात तथा शनिवार तड़के ड्रोन और मिसाइलों से भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 15 लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूरे शहर में विस्फोटों की आवाज सुनाई दी और कीव के अनेक लोगों को भूमिगत 'सबवे स्टेशन' में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह हमला ऐसे समय में किया गया, जब कुछ घंटे पहले ही रूस और यूक्रेन के बीच सैकड़ों बंदियों की अदला-बदली की शुरुआत हुई।*

#### 12 मील तक कर सकते हैं हमला

ये ड्रोन 12 मील तक की दूरी से लक्ष्यों पर हमला कर सकते हैं और लंबी बैटरी लाइफ तथा बेहतर निशानेबाजी की खासियत रखते हैं। खासकर रूस के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में इन ड्रोन ने यूक्रेनी सैनिकों के लिए रसद और सैनिक आवागमन को बेहद जोखिम भरा बना दिया है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक नई क्रांति है, जो युद्ध में ड्रोन की भूमिका को पूरी तरह बदल रही है। रूस के इस कदम से उसकी युद्धक क्षमता में बढ़ोतरी हुई है, जिससे यूक्रेन के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं।

### बांग्लादेश में सियासी उठापटक पर विराम!
## यूनुस की धमकी कर गई काम अब उनके पास ही रहेगी कमान

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश में सियासी उठापटक पर विराम लग गया। अंतरिम सरकार और सलाहकार परिषद के प्रमुख प्रो. मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को बैठक बुलाई, जिसमें उन्होंने इस्तीफे देने पर बात कही। दो घंटे तक चली बैठक में अंतरिम सरकार को सौंपी गई 3 प्राथमिक जिम्मेदारियों- चुनाव, सुधार और न्याय पर विस्तृत चर्चा हुई। अंत में फैसला लिया गया है कि मो. यूनुस पद पर बने रहेंगे और उनके पास ही अंतरिम सरकार की कमान रहेगी। राष्ट्रीय आर्थिक परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक के बाद शनिवार को सलाहकार परिषद की अनिर्धारित मीटिंग आयोजित की गई। यूनुस की अध्यक्षता में शेर-ए-बांग्ला नगर में यह बैठक हुई, जिसमें यह चर्चा की गई कि कैसे अनुचित मांगें, जानबूझकर भड़काऊ, अधिकार क्षेत्र से परे बयान और विघटनकारी कार्यक्रम लगातार सामान्य कामकाज के माहौल को बाधित कर रहे हैं तथा जनता के बीच भ्रम और संदेह पैदा कर रहे हैं।

### 10 लाख का इनामी नक्सली पप्पू लोहरा समेत दो ढेर

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार में 10 लाख के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया गया है। वहीं, एक दूसरा नक्सली भी मारा गया है जो 5 लाख का इनामी बताया जा रहा है। इस मुठभेड़ में एक सुरक्षा बल का एक जवान भी घायल हुआ है।

मारे गए नक्सली का नाम पप्पू लोहरा है जिस पर 10 लाख का इनाम था। इसके साथ ही प्रभात गंझू को भी मार गिराया गया है जिस पर 5 लाख रुपयए का इनाम घोषित था। घायल हुए नक्सली संगठन के एक अन्य खूंखार नक्सली को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता
## 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण इनमें 20 इनामी नक्सली भी शामिल

एजेंसी ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। यहां 24 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है, इनमें 20 नक्सली ऐसे हैं जिन पर कुल 87.50 लाख रुपए का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले ये नक्सली अब हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला कर चुके हैं। इन माओवादियों में कई ऊंचे पदों पर रहे नेता शामिल हैं। ये सभी लंबे समय से बीजापुर, सुकमा और आसपास के इलाकों में सक्रिय थे और कई नक्सली घटनाओं में शामिल रहे हैं।

#### सरकार की पुनर्वास नीति से हुए प्रभावित



*बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इन नक्सलियों ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है। सड़क निर्माण, बिजली-पानी की सुविधा, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे विकास कार्यों ने नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित किया है।*

#### जिले में इस साल 119 माओवादी मारे गए

बीजापुर जिले में 1 जनवरी 2025 से अब तक कुल 227 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, 237 माओवादी गिरफ्तार किए गए हैं और 119 माओवादी मारे गए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि सरकार की नीति और सुरक्षा बलों की रणनीति नक्सलवाद के खिलाफ कारगर साबित हो रही है।

### बीएलए ने वरिष्ठ पत्रकार लतीफ की निर्मम हत्या का बदला लिया
# पाकिस्तानी सेना के काफिले को बम से उड़ाया, कई पाक सैनिक ढेर

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

बलूच विद्राहियों ने शनिवार को पाकिस्तान सेना पर बड़ा हमला किया। बलूचिस्तान के मंगोचर शहर में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर हुए ताजा हमले में कई सैनिक मारे गए हैं। यह हमला दो अलग-अलग जगहों पर हुआ। बम से काफिले की कई गाड़ियों को निशाना बनाया गया।

इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। बीएलए ने वरिष्ठ बलूच पत्रकार लतीफ बलोच की निर्मम हत्या का बदला लिया है। बलूच नेताओं ने पाकिस्तान की सेना पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि लतीफ बलोच की हत्या सेना से जुड़े मिलिशिया द्वारा कराई गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना समर्थित एक सशस्त्र दस्ते ने बलोच के घर में घुसकर उनके सामने ही, उनकी पत्नी और छोटे बच्चों के सामने उन्हें



गोलियों से भून दिया। लतीफ बलोच पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल से जुड़े हुए थे और बलूच मानवाधिकारों और स्थानीय उत्पीड़न पर लगातार रिपोर्टिंग कर रहे थे।

#### बीएलए ने हमले तेज किए

बीएलए ने बीते 15 दिनों में अचानक हमले तेज कर दिए हैं। पाकिस्तानी सेना स्थानीय लोगों को अगवा कर लेती है, उनके साथ मारपीट की जाती है। उन्हें गायब कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, जो लोग इसकी जानकारी उजागर करते हैं, उनपर भी हमले किए जा रहे हैं। इससे भड़की बीएलए और अन्य विद्रोही संगठन अब पाक सेना को सीधे निशाना बना रहे हैं, जिनमें हाल के महीनों में क्वेटा, पांजगुर और अब मंगोचर शामिल हैं।

#### बलूचिस्तान आंदोलन को समर्थन दे भारत



बलूच अमेरिकी कांग्रेस के अध्यक्ष और बलूचिस्तान सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. तारा चंद बलूच ने पीएम नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर पाकिस्तान के प्रभुत्व के खिलाफ बलूच लोगों के राष्ट्रीय प्रतिरोध के लिए भारत के नैतिक, राजनीतिक और कूटनीतिक समर्थन का अनुरोध किया है। यह अपील बलूच अमेरिकी कांग्रेस की ओर से भेजे गए दो औपचारिक पत्रों के माध्यम से की गई, जो सीधे दिल्ली में पीएम कार्यालय को संबोधित थे। अपने पत्र में, चंद ने बलूचिस्तान मुद्दे पर भारतीय नेतृत्व के पहले ध्यान देने के लिए प्रशंसा व्यक्त की, विशेष रूप से लाल किले के भाषण के दौरान पीएम मोदी की टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, जिसे वे नैतिक समर्थन के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं जिसने वैश्विक स्तर पर उत्पीड़ित बलूच आबादी के बीच आशा को प्रेरित किया।

# रिजवी ने दिल्ली को पंजाब पर दिलाई जीत

**जयपुर (भाषा)।** समीर रिजवी ने अपने पहले आईपीएल अर्धशतक की बदौलत पंजाब किंग्स के जबड़े से जीत छीनते हुए दिल्ली कैपिटल्स को छह विकेट से जीत लिया दी। इस जीत से दिल्ली की टीम आईपीएल की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर बरकरार है, जबकि हार के बाद पंजाब किंग्स के शीर्ष पर आने का सपना फिलहाल पूरा नहीं हो सका। रिजवी ने 25 गेंदों पर तीन चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 58 रन की पारी खेली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 206 रन बनाये। इसके जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 208 रन बनाकर मैच जीत लिया।


दिल्ली कैपिटल्स एक समय हार के कगार पर थी लेकिन करुण नायर के 44 रन बनाने के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने पांचवें विकेट की साझेदारी में 55 रन जोड़कर पंजाब को जीत से वंचित कर दिया। स्टब्स ने 14 गेंदो पर 18 रन बनाये। जबकि करुण नायर ने 27 गेंदों पर 44 रन की पारी खेलकर आठ साल बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी का जश्न मनाया। 21 साल के समीर रिजवी का यह 13वां आईपीएल मैच है।

इससे पहले मार्कस स्टोइनिस के 16 गेंदों में नाबाद 44 रन और श्रेयस अय्यर के आक्रामक अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आठ विकेट पर 206 रन बनाये। अय्यर ने 34 गेंद में 53 रन बनाये जबकि स्टोइनिस ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में चार छक्के और तीन चौके जड़कर पंजाब को 200 रन के पार पहुंचाया।

टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनने वाली दिल्ली को पहली सफलता जल्दी ही मिली जब प्रियांश आर्य (छह) ने मुस्तफिजुर रहमान की शॉर्ट गेंद पर विकेटकीपर ट्रिस्टन स्टब्स को कैच थमा दिया। गेंद हवा में ऊपर उछली थी और स्टब्स ने कुछ कदम पीछे की ओर दौड़ते हुए यह कैच लपका। जोश इंगलिस ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाकर शुरूआत की जबकि प्रभसिमरन सिंह ने मुस्तफिजुर को चौका लगाया।

**अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | अनिर्णित | अंक | नेट र.रे. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 13 | 9 | 4 | 0 | 18 | 0.602 |
| पंजाब किंग्स | 13 | 8 | 4 | 1 | 17 | 0.327 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | 13 | 8 | 4 | 1 | 17 | 0.255 |
| मुंबई इंडियंस | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | 1.292 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 14 | 7 | 6 | 1 | 15 | -0.011 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 13 | 6 | 7 | 0 | 12 | -0.337 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 13 | 5 | 6 | 2 | 12 | 0.193 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 1 | 11 | -0.740 |
| राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 0 | 8 | -0.549 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 13 | 3 | 10 | 0 | 6 | -1.030 |



**दिल्ली कैपिटल्स के उच्चतम सफल रन चेज**

| रन चेज | विरुद्ध | वर्ष |
|---|---|---|
| 210 | लखनऊ | 2025 |
| 209 | गुजरात लायंस | 2017 |
| 207 | पंजाब किंग्स | 2025 |

अर्धशतक पूरा करने पर खुश समीर रिजवी।

**स्कोर बोर्ड (मैन ऑफ द मैच : रिजवी)**

**पंजाब किंग्स :**

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का स्टब्स बो मुस्तफीजुर | 06 |
| प्रभसिमरन सिंह बो विप्राज निगम | 28 |
| जोस इंगलिस का स्टब्स बो विप्राज निगम | 32 |
| श्रेयस अय्यर का मोहित बो कुलदीप | 56 |
| नेहाल वढेरा का डु प्लेसिस बो मुकेश | 16 |
| शशांक सिंह का स्टब्स बो मुस्तफीजुर | 11 |
| मारकस स्टोइनिस नाबाद | 44 |
| अजमतुल्लाह ओमरजाई का रिजवी बो कुलदीप | 01 |
| मार्को यानसेन का स्टब्स बो मुस्तफीजुर | 00 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 07 |
| **अतिरिक्त :** | **08** |
| **कुल** (20 ओवर में आठ विकेट पर) | **206** |

**विकेट पतन :** 1/8, 2/55, 3/77, 4/118, 5/144, 6/172, 7/174, 8/197

**गेंदबाजी :** मुकेश 4-0-49-1, मुस्तफीजुर 4-0-33-3, मोहित 4-0-47-0, विप्राज 4-0-38-2, कुलदीप यादव 4-0-39-2

**दिल्ली कैपिटल्स :**

| | |
|---|---|
| केएल राहुल का शशांक बो यानसेन | 35 |
| फाफ डू प्लेसिस का प्रियांश बो बरार | 23 |
| करुण नायर बो बरार | 44 |
| सदीकुल्लाह अटल का अर्शदीप बो प्रवीण | 22 |
| समीर रिजवी नाबाद | 58 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 18 |
| **अतिरिक्त :** | **08** |
| **कुल** (19.3 ओवर में चार विकेट पर) | **208** |

**विकेट पतन :** 1/55, 2/65, 3/93, 4/155

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-35-0, अजमतुल्लाह 4-0-46-0, बरार 4-0-41-2, यानसेन 4-0-41-2, प्रवीण 2-0-20-1, मारकस स्टोइनिस 1.3-0-21-0

# शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान बने

**इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित टीम में शमी को जगह नहीं, ऋषभ पंत उपकप्तान नियुक्त**

**मुंबई (भाषा)।** बल्लेबाजी स्टार शुभमन गिल को शनिवार को 'बड़े बदलाव के दौर' से गुजर रही 18 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

पच्चीस साल के गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान होंगे। मंसूर अली खान पटौदी (21), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) और रवि शास्त्री (25) ने उन से कम उम्र में देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 20 जून से लीड्स में शुरू होगी।

चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद कहा, 'पिछले साल या उससे भी पहले हमने शुभमन (नेतृत्व के लिए) पर नजर रखना शुरू कर था। हम मानते है कि वह इस काम के लिए सबसे उपयुक्त है। यह काफी दबाव वाला काम है लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। हम उसे शुभकामनाएं देते हैं।'

गिल ने 2020 में पदार्पण करने के बाद अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं तथा शीर्ष क्रम में खेलते हुए पांच शतक और सात अर्द्धशतक के साथ 35 के औसत से 1893 रन बनाए हैं। वहीं 27 वर्षीय पंत थोड़े अनुभवी हैं जिन्होंने 43 टेस्ट मैच 42.11 के औसत से 2948 रन बनाए हैं। वह 2018 में टीम में शामिल हुए जिसके बाद उन्होंने छह शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं।



अगरकर ने पंत की भूमिका के बारे में कहा, 'पंत पिछले चार-पांच वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। एक विकेटकीपर खेल को अच्छी तरह से परख सकता है और इसलिए वह शुभमन के सहायक होंगे।' रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। इन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी जिसमें इंग्लैंड में उसकी कड़ी परीक्षा होगी। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम से बाहर रखा गया है। उन्हें इस लंबी श्रृंखला के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं माना गया। शमी के बारे में अगरकर ने कहा, 'वह श्रृंखला के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले हफ्ते उन्हें थोड़ा झटका लगा। उन्होंने कुछ एमआरआई करवाए हैं। मैं यह बताना चाहूंगा कि मुझे नहीं लगता कि वह सभी पांच टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे।

**भारतीय टीम**

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शारदुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

**कार्यक्रम**

पहला टेस्ट : 20-24 जून (हेडिंग्ले)
दूसरा टेस्ट : 2-6 जुलाई (एजबेस्टन)
तीसरा टेस्ट : 10-14 जुलाई (लॉड्र्स)
चौथा टेस्ट : 23-27 जुलाई (ओल्ड ट्रैफर्ड)
पांचवां टेस्ट : 31 जुलाई-4 अगस्त (ओवल)

## बुमराह सभी टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे

**मुंबई (भाषा)।** सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड दौरा बड़ी चुनौती है और उसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सभी पांच टेस्ट के लिये उपलब्ध नहीं होंगे।

चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने शनिवार को 18 सदस्यीय टीम का ऐलान करते हुए कहा कि बुमराह को 20 जून से लीड्स में शुरू हो रही श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट खेलने के लिए मेडिकल स्टाफ और फिजियो से हरी झंडी नहीं मिली है।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि फिजियो और डॉक्टरों ने हमें बताया है, मुझे नहीं लगता कि वह पांचों टेस्ट के लिए उपलब्ध होगा।' बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार जीता था। उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में 11 विकेट लिये और 13 टेस्ट में 71 विकेट चटकाये। भारतीय टीम कई साल में पहली बार विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना टेस्ट दौरे पर जायेगी। बुमराह ने जनवरी से अप्रैल तक रिकवरी में काफी समय दिया।

## गिल के सपने को पूरा करने में परिवार का अहम योगदान

**नई दिल्ली (भाषा)।** शुभमन गिल 20 जून को जब सफेद टी-शर्ट के ऊपर नीले (नेवी ब्लू) रंग के कोट में इंग्लैंड के लीड्स मैदान पर टॉस के लिए उतरेंगे तो उनके पिता लखविंदर सिंह गिल और दादा दीदार सिंह का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा क्योंकि उन्हें वर्षो की मेहनत का सुखद फल मिलेगा।

लखविंदर ने जब शुभमन के क्रिकेट कौशल को देखकर भारत और पाकिस्तान की सीमा से महज 10 किलोमीटर दूर पंजाब के फाजिल्का जिले के अपने गांव चाख खेरा वाला से मोहाली जाने का फैसला किया तो उनके पास कोई दूसरी योजना नहीं थी।

शुभमन उस समय नौ साल के थे। उन्होंने उस उम्र तक सिर्फ एक ही 'खिलौना' खेला था और वह था उनके दादा से मिला बल्ला। गिल की कहानी अनुशासन, समर्पण और दृढ संकल्प का पालन करने के बारे में ही है। इसके साथ ही यह एक ऐसे ही पिता की कहानी है जो अपने बेटे को भारतीय टीम में पहुंचाने के लिह कुछ भी कर गुजरने को तैयार थे। शुभमन इंग्लैंड दौरे पर जब भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे तो यह लखविंदर के पिछले 16 साल की मेहनत का परिणाम होगा। यह जरूरी नहीं कि खेल से जुड़ी सभी कहानियां सहानुभूति भरी हों।

# लाकड़ा भारतीय जूनियर हॉकी टीम के सहायक प्रशिक्षक बने

**नई दिल्ली (भाषा)।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को बताया कि पूर्व डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा को इस साल के अंत में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पैंतीस वर्षीय लाकड़ा पूर्व दिग्गज गोलकीपर और टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के साथ मिलकर काम करेंगे। लाकड़ा ने कहा, 'ऐसे महत्वपूर्ण समय में भारतीय जूनियर पुरुष टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे पता है कि भारत की जर्सी पहनने के लिए क्या करना पड़ता है। मैं अब अगली पीढी के खिलाड़ियों को बड़े मंच के लिए तैयार करने में मदद करने के लिए उत्सुक हूं।' लाकड़ा ने कहा, 'श्रीजेश जैसे दिग्गज के साथ काम करना एक रोमांचक चुनौती है। वह टीम के साथी और प्रेरणास्रोत रहे हैं। हम आने वाले टूर्नामेंटों, खासकर इस साल के अंत में होने वाले सबसे महत्वपूर्ण जूनियर विश्व कप के लिए एक बेखौफ और अच्छी तरह से तैयार टीम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' भारतीय टीम 28 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर पुरुष विश्व कप के लिए तैयार कर रही है और उम्मीद है कि लाकड़ा टीम की रक्षापंक्ति को मजबूत करने के अलावा खेल के अन्य पहलुओं पर भी काम करेंगे।'

## जोकोविच ने जिनेवा में सौवां कैरियर एकल खिताब जीता

**जिनेवा (एपी)।** नोवाक जोकोविच ने आखिरकार कैरियर का सौवां एकल खिताब जीत लिया जब उन्होंने जिनेवा ओपन फाइनल में शनिवार को हुबर्ट हुरकाज को 5- 7, 7-6, 7-6 से हराया।

जोकोविच ने नौ महीने पहले पेरिस ओलंपिक में कैरियर का 99वां एकल खिताब जीता था । उसके बाद से वह शंघाई मास्टर्स और मियामी मास्टर्स में दो फाइनल हार चुके हैं। अपने 38वें जन्मदिन के दो दिन बाद सौवां खिताब जीतने के लिए उन्हें तीन घंटे मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने जीत के बाद कहा, 'मुझे यहां सौवां खिताब जीतने की खुशी है। मुझे इसके लिये काफी मेहनत करनी पड़ी।' 24 ग्रैंडस्लैम जीत चुके जोकोविच से अधिक एकल खिताब जिम्मी कोनोर्स (109) और रोजर फेडरर (103) के नाम हैं ।

# श्रीकांत छह साल में पहली बार फाइनल में

**मलयेशिया मास्टर्स सुपर बैडमिंटन**



**कुआलालंपुर (भाषा)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलयेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया।

2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, 'मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं।' श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, 'शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। लेकिन मैंने पिछले साल ज्यादा मैच नहीं खेले। अब क्वालीफाइंग खेल रहा हूं। इस बार सब ठीक रहा। मैं पिछले महीने से कड़ी मेहनत कर रहा हूं।' श्रीकांत ने कहा, 'बहुत लंबे समय के बाद ये जीत मिली।' श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। लेकिन उसके तुरंत बाद उनका संघर्ष शुरू हो गया। हालांकि वह 2019 में अच्छी फॉर्म में थे, लेकिन चोटों और कोविड-19 महामारी के कारण क्वालीफायर रद्द होने के कारण श्रीकांत टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वलीफाई करने से चूक गए। उन्हें छोटी चोटें लगती रहीं जिसमें टखने की चोटें ज्यादा रहीं जिससे उनकी निरंतरता प्रभावित हुई। फिर वह स्पेन में 2021 विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बने।

# कामिला के खिलाफ मैच से शुरुआत करेंगी सबालेंका

**फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट आज से**

**पेरिस (वार्ता)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल में रविवार को रूस की कामिला राखिमोवा के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी।

सबालेंका को ड्रॉ के उसी हिस्से में रखा गया है, जिसमें पांचवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक हैं। 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने मियामी और मैड्रिड में दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और स्टटगार्ट में तीन अन्य फाइनल में पहुंची हैं।

इस सीजन में क्ले पर तीन बार की गत विजेता इगा स्वियोक के संघर्ष से सबालेंका का हाथ मजबूत हुआ है। सबालेंका ने कहा, 'यह जानते हुए कि कोई मेरा पीछा कर रहा है या मेरी पीठ पर निशाना लगा रहा है, मुझे यह अच्छा लगता है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेती हूं। देखते हैं कि कौन दबाव के क्षणों के लिए तैयार है।

सबालेंका पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से पेट दर्द की समस्या के चलते हार गई थी। सबालेंका ने शुक्रवार को माक में कहा, 'मैं निश्चित रूप से उस मैच से पहले जैसा खाना नहीं खाऊंगी। सबक सीख लिया है।'

दो ऑस्ट्रेलियन ओपन और एक यूएस ओपन जीतने वाली सबालेंका का मुकाबला सेमीफ़ाइनल में स्विएटेक से होने की संभावना है। चार बार की विजेता स्वियाटेक को 2021 के बाद से पेरिस में इतनी कम वरीयता नहीं दी गई है। सतह पर अपने शानदार रिकॉर्ड के कारण उन्हें 'क्वीन ऑफ क्ले' के रूप में जाना जाता है।

## बेंजामिन हसन ओपन युग में मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले लेबनान के पहले खिलाड़ी बने

**पेरिस (एपी)।** बेंजामिन हसन ने ओपन युग में फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने वाले लेबनान का पहला टेनिस खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। तीस वर्षीय खिलाड़ी ने क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में शुक्रवार को जापान के जेम्स ट्रॉटर को 6-2, 7-6 से हराया।

जर्मनी में जन्मे हसन ने पेरिस के क्ले कोर्ट पर क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में लगातार तीन मैच जीतकर फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रा में अपनी जगह पक्की की। दुनिया में 177वें नंबर पर काबिज हसन लेबनान टेनिस के लिए पहले भी कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की है। उनकी यह सफलता इस साल लेबनान की टेनिस के लिए दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इससे पहले जनवरी में हादी हबीब (मौजूदा विश्व रैंकिंग 159) ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पहले दौर का मैच जीता था।

# बशीर ने झटके पांच विकेट, इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को पारी के अंतर से हराया

**एकमात्र टेस्ट**

**नॉटिंघम (एपी)।** जिम्बॉब्वे की दूसरी पारी भी अपेक्षा के अनुरूप तीन दिन में ही सिमट गई और इंग्लैंड ने एकमात्र टेस्ट मैच में उसे एक पारी और 45 रन के अंतर से हराकर भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला की तैयारी पुख्ता की। इंग्लैंड के छह विकेट पर 565 रन के जवाब में जिम्बॉब्वे की टीम 265 और 255 रन पर आउट हो गई।

इंग्लैंड को भारत के खिलाफ 20 जून से पांच टेस्ट की श्रृंखला खेलनी है।

वैसे इस हार के बावजूद जिम्बॉब्वे की टीम ने इंग्लैंड के आगे आसानी से घुटने नहीं टेके। 22 साल में पहली बार इंग्लैंड से टेस्ट खेल रही जिम्बॉब्वे टीम को पहले ही दिन झटका लगा था जब उसके तेज गेंदबाज रिचर्ड एंगारावा नौ ओवर फेंकने के बाद कमर की चोट के कारण बाहर हो गए। इंग्लैंड ने पहले ही दिन तीन विकेट पर 498 रन बना लिये थे और दूसरे दिन पारी की घोषणा की। । एंगारावा बल्लेबाजी के लिए नहीं आये जिससे इंग्लैंड को दोनों पारियों के मिलाकर 18 विकेट की लेने पड़े। जिम्बॉब्वे के लिये ब्रायन बेनेट ने शतक लगाया जबकि सीन विलियम्स 82 गेंद में 88 रन बनाकर आउट हुए। बशीर ने दूसरी पारी में 81 रन देकर छह विकेट लिये और मैच में 143 रन देकर नौ विकेट चटकाये।

**संक्षिप्त खबरें**

## पाटीदार व कमिंस पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अपनी-अपनी टीमों की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था। पाटीदार पर दूसरी बार अपराध करने वाली आरसीबी की एकादश के सदस्य होने के कारण 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल से जारी बयान के मुताबिक, 'पाटीदार पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।'

## मणिपुर पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स का बना विजेता

**दीव।** मणिपुर शनिवार को सबसे ज्यादा रजत पदक की बदौलत महाराष्ट्र और नगालैंड को पछाड़कर शुरुआती खेलो इंडिया 'बीच गेम्स' (केआईबीजी) 2025 का चैंपियन बना। इन सभी तीनों टीम के पास पांच पांच स्वर्ण पदक थे लेकिन मणिपुर (6) ने महाराष्ट्र (5)और नगालैंड (3) से ज्यादा रजत पदक हासिल कर तालिका में शीर्ष पर रहकर खिताब जीता। नगालैंड खेलो इंडिया प्रतियोगिता में पहली दफा शीर्ष तीन में शामिल रहा जो उसके लिए ऐतिहासिक क्षण रहा। हरियाणा और जम्मू कश्मीर ने संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। दोनों ने पांच स्वर्ण पदकों के अलावा एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। खेलों के 46 स्वर्ण पदकों में 28 पेनचाक सिलाट में दिए गए।

## जल्दी ही खेलो इंडिया पूर्वोत्तर खेल शुरू होंगे

**नई दिल्ली।** सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम को विस्तार देते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को ऐलान किया कि सरकार जल्दी ही पूर्वोत्तर राज्यों के लिये सालाना खेलो इंडिया खेल की शुरुआत करेगी। मांडविया ने भारत मंडपम में 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इनवेस्टर्स समिट' के दौरान कहा कि पूर्वोत्तर के आठ राज्य अरूणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा बारी बारी से खेलों की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा, 'खेलो इंडिया युवा खेलों और यूनिवर्सिटी खेलों की तर्ज पर हर साल पूर्वोत्तर के राज्यों के लिये खेलो इंडिया पूर्वोत्तर खेल होंगे जिससे हमें प्रतिभा और संभावना को तलाशने में ही मदद नहीं मिलेगी बल्कि हमारे पारंपरिक खेलों को एक मंच भी मिलेगा।'

## नेपोली बना सीरी ए चैंपियन

**रोम।** स्कॉट मैकटोमिने और रोमेलु लुकाकू के गोल की बदौलत नेपोली ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरी ए में कैग्लियारी पर 2-0 की जीत के साथ तीन साल में अपना दूसरा खिताब हासिल किया। नेपोली के कोच एंटोनियो कोन्टे इसके साथ ही तीन अलग-अलग टीमों के साथ सीरी ए चैंपियनशिप जीतने वाले पहले कोच बन गए। मैकटोमिने ने मध्यांतर से पहले (42वें मिनट में) एक्रोबैटिक बाइसिकल किक से गोल किया जबकि लुकाकू ने 51 मिनट में गोल करके टीम की बढत को दोगुना कर दिया।

## चांद क्लब की जीत में ध्रुव चौहान की घातक गेंदबाजी



**नई दिल्ली।** दिल्ली अंडर-23 प्लेयर ध्रुव चौहान की घातक गेंदबाजी (4 विकेट 44 रन देकर), कृष अर्थ अवाना (3/48), यशवर्धन (3/57), हर्ष कुमार सिंह (69), अक्षत बिष्ट (68), प्रियांशु शर्मा (64) के शानदार खेल की बदौलत चांद खन्ना क्लब (307/8, 40 ओवर) ने सेंटर सेक्रेट्रिएट ग्राउंड पर खेले गए डीडीसीए लीग मैच में पूसा यंगस्टर क्लब (172/10, 27 ओवर) को 135 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से राजदीप जैन ने 53 रनों की पारी खेली।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं संपादक प्रहलाद तेली के लिए मुद्रक अनिल राठी द्वारा अनिल प्रिन्टर्स एण्ड ऑफसेट, 5/एफ-2, न्यू हाउसिंग बोर्ड, शास्त्रीनगर, भीलवाड़ा 311001 (राज.) से मुद्रित एवं ऑफिस 957 वार्ड नंबर 24 धाकड़ मोहल्ला, शाहपुरा, भीलवाड़ा 311404 (राज.) से प्रकाशित। मो. नं. 9115108888, ई-मेल : kismatbhilwara@gmail.com (सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र भीलवाड़ा होगा)